WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, मंगलवार, 1 जुलाई 2025 शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 138 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश की राजधानी नई दिल्ली का बेड़ागर्क करने वाले घुंघरू सेठ का पार्टी को वहां के बाशिंदों ने झाड़ू मारकर साफ कर दिया। अब वहां की झुग्गी झोपड़ी में बसे इनके वोट बैंक की सफाई की जा रही है और अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों व रोहिंग्याओं के बेजा कब्जे हटाये जा रहे हैं। इससे तिलमिलाए घुंघरू सेठ ने लाखों लोगों से सड़क पर उतरने की अपील की है। उनके मुनीम गोपाल राय ने तो प्रधानमंत्री निवास पर कब्जा करने की धमकी दे दी है। नई दिल्ली को बांग्लादेश बनाने के ख्वाहिशमंद इन बुड़बकों का समुचित इलाज जरूरी है।

...शाल, श्रीफल, फिर एक्सटेंशन, और अब राज्य के पहले "रिटर्निंग' चीफ सेक्रेटरी अमिताभ जैन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रशासनिक सेवा में आज एक अनपेक्षित मोड़ आया, जब मुख्य सचिव अमिताभ जैन को भारत सरकार द्वारा तीन महीने का सेवा विस्तार दे दिया गया। यह फैसला उस वक्त आया, जब राज्यपाल रामेन डेका द्वारा उन्हें शाल और श्रीफल देकर विदाई दी जा चुकी थी और राज्य सरकार उन्हें सम्मानपूर्वक रिटायर मान चुकी थी। अब अमिताभ जैन छत्तीसगढ़ के पहले ऐसे चीफ सेक्रेटरी बन गए हैं, जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद पद पर सेवा विस्तार मिला है।

अमिताभ जैन 1989 बैच के आईएएस अफसर हैं। शांत, मृदुभाषी और नीति विशेषज्ञ हैं। वित्त, योजना और उद्योग जैसे अहम विभाग संभाल चुके हैं। पिछली सरकार से ही मुख्य सचिव है और अब पिछले डेढ़ साल से साय सरकार के साथ मुख्य सचिव हैं।

केंद्र सरकार ने अंतिम समय में अमिताभ जैन की सर्विस को एक्सटेंशन दिए जाने की मंजूरी दी है। मुख्य सचिव की नियुक्ति पर मची आपाधापी के बीच बड़ी खबर आई

है। अमिताभ जैन को मुख्य सचिव के रूप में एक्सटेंशन दिया गया है। मुख्य सचिव के लिए सुब्रत साहू और मनोज पिंगुआ के नाम पर चर्चा तेज थी। माना जा रहा था कि साय कैबिनेट की बैठक में अमिताभ जैन की विदाई होगी और नए मुख्य सचिव का स्वागत किया जाएगा। लेकिन आखिरी वक्त पर के केंद्र से एक्सटेंशन दिए जाने की मंजूरी मिलने की ख़बर आ गई। आज सुबह ही अमिताभ जैन ने राज्यपाल से मुलाकात की थी। यह ख़बर बाहर आई कि राज्यपाल ने अमिताभ जैन की सेवा को लेकर बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की थी।

एक्सटेंशन पाने वाले पहले मुख्य सचिव

छत्तीसगढ़ के गठन के बाद यह पहला मौका है कि किसी मुख्य सचिव को एक्सटेंशन मिला हो। अमिताभ जैन पहले मुख्य सचिव बन गए हैं जिन्हें केंद्र सरकार ने एक्सटेंशन दिया है।

तेलंगाना केमिकल फैक्ट्री में ब्लास्ट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फैक्ट्री में हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फैक्ट्री में हुई दुखद आग दुर्घटना से बहुत दुखी हूं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पीएम मोदी के हवाले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में बताया, तेलंगाना के संगारेड्डी में एक फैक्ट्री में आग लगने की घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं।

नौसेना में दुश्मन का काल शक्तिशाली युद्धपोत 'तमाल' होगा शामिल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय नौसेना को एक अत्याधुनिक व बेहद शक्तिशाली युद्धपोत तमाल मिलने जा रहा है। भारत का यह नया युद्धपोत 1 जुलाई को नौसेना में कमीशन होगा। यह युद्धपोत ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस है। युद्धपोत तमाल में वर्टिकल लॉन्च सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें हैं। यह उन्नत 100 मिमी गन, अत्याधुनिक सिस्टम, हेवीवेट टॉरपीडो व त्वरित हमला करने वाले एंटी-सबमरीन रॉकेट से भी लैस है। इसके अलावा यह अत्याधुनिक युद्धपोत नेटवर्क सेंट्रिक वॉरफेयर क्षमता और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली युक्त है। यह 30 नॉट्स से अधिक की गति और लंबी समुद्री दूरी तक संचालन कर सकता है।

सीआईएसएफ की बड़ी उपलब्धि : पचास प्रतिशत महानिरीक्षक महिलाएं

नयी दिल्ली (वार्ता) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है और बल में महानिरीक्षक पद पर कार्यरत अधिकारियों में से आधी यानी पचास प्रतिशत महिलाएं हैं। सीआईएसएफ ने सोमवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा है कि बल ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। बल में महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर 50 प्रतिशत कैडर अधिकारी महिलाएँ हैं जो महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी के प्रति बल की वचनबद्धता का प्रमाण है। यह देश के सभी सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों का सबसे अधिक अनुपात है। ये अधिकारी बल के प्रमुख विभागों और फील्ड संरचनाओं का नेतृत्व कर रही हैं।

आयुष ने जीता यूएस ओपन का खिताब

आयोवा (वार्ता)। भारत के आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में कनाडा के ब्रायन यांग को पुरुष एकल में हराकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम कर लिया।काउंसिल ब्लफ्स में रविवार को खेले गये मुकाबले में विश्व के 34वें नंबर के खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज ब्रायन यांग को 47 मिनट तक चले मैच में सीधे सेटों में 21-18, 21-13 से हराया।

कृषक उन्नत योजना का होगा विस्तार लॉजिस्टिक पॉलिसी को केबिनेट की मंजूरी

शासकीय कर्मचारियों के लिए भी लिया गया बड़ा फैसला

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

मंत्रिपरिषद ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और विस्तृत कर दिया है। अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा।

खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भविष्य में सेवानिवृत्ति के समय पेंशन भुगतान संबंधी दायित्वों के बेहतर वित्तीय प्रबंधन हेतु छत्तीसगढ़ पेंशन फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में लॉजिस्टिक सेक्टर के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक पॉलिसी-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस पॉलिसी से छत्तीसगढ़ राज्य लॉजिस्टिक हब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विकास एवं राजकोषीय स्थिरता सुनिश्चित

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के दीर्घकालिक आर्थिक विकास एवं राजकोषीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रोथ एंड स्टेबिलिटी फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे राज्य के राजस्व में असामान्य वृद्धि/ कमी का समुचित प्रबंधन एवं आर्थिक मंदी के समय वित्तीय सुरक्षा प्राप्त होगी।

निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा

राज्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेते हुए लॉजिस्टिक सेक्टर तथा ई-कॉमर्स की राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को लॉजिस्टिक हब की स्थापना के लिए निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। राज्य की भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश के उद्योगों, व्यापारियों और किसानों को सस्ती भंडारण सुविधा मिलेगी। प्रदेश में लॉजिस्टिक्स में लगने वाले लागत कम होने से व्यापार, निवेश एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

इस नीति के माध्यम से ड्राई पोर्ट/इनलैंड कंटेनर डिपो की स्थापना को प्रोत्साहित करने से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा स्थानीय उत्पादकों को निर्यात बाजारों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। राज्य के प्रचुर वन संसाधन, वनोपज एवं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी सात जुलाई को रियो डि जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे। मोदी दो जुलाई से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह घाना, नामीबिया और त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के विदेश सत्रों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही उन्हें कुछ देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी अलंकृत किये जाने की संभावना है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दामू रवि ने कहा , प्रधानमंत्री 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करेंगे। यह यात्रा 30 वर्षों के बाद हो रही है। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने अभी-अभी भारी जीत के बाद पदभार संभाला है। घाना के साथ भारत के संबंध ऐतिहासिक हैं। हमारे संबंधों के कई दशकों के दौरान, यह बहुआयामी रहा है।दोनों देश अपने आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। आर्थिक एजेंडा वार्ता पर हावी होगा। भारत और घाना के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग तीन अरब डॉलर है, मुख्य रूप से बड़े सोने के आयात के कारण। इस यात्रा के दौरान कृषि, पश्चिम अफ्रीका में टीका विकास केंद्र, रक्षा सहयोग, महत्वपूर्ण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस्पात उभरते भारत का आधार है: मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुनियादी ढांचे और रक्षा क्षेत्र से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तथा स्वच्छ ऊर्जा तक इस्पात को उभरते भारत का आधार बताया है और कहा है कि नीतिगत प्रोत्साहन तथा नवाचार से देश वैश्विक इस्पात क्षेत्र में अलग पहचान बना रहा है। मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर केन्द्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी का एक लेख साझा करते हुए कहा कि इसमें बताया गया है कि नीतिगत प्रोत्साहन और नवाचार किस प्रकार से भारत को वैश्विक इस्पात क्षेत्र में अग्रणी बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, बुनियादी ढांचे और रक्षा से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और स्वच्छ ऊर्जा तक, इस्पात उभरते भारत का आधार है। केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने अपने लेख में बताया है कि कैसे नीतिगत प्रोत्साहन और नवाचार भारत को वैश्विक रूप से इस्पात क्षेत्र में अग्रणी बनाने की यात्रा को आकार दे रहे हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास दर को आगे बढ़ाने में निभा रही मुख्य भूमिका : आरबीआई

नई दिल्ली (आईएएनएस)। अस्थिर और चुनौतीपूर्ण वैश्विक हालातों के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास दर को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसकी वजह अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार और नीतिगत समर्थन होना है। यह बयान भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को दिया। रिजर्व बैंक ने अपनी 'वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर)' के जून 2025 अंक में कहा कि बढ़ती आर्थिक और व्यापार नीति अनिश्चितताएं वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया, वित्तीय बाजार अस्थिर बने हुए हैं, खास तौर पर कोर सरकारी बॉन्ड बाजार, जो बदलती नीति और भू-राजनीतिक माहौल के कारण प्रभावित हैं। साथ ही, मौजूदा कमजोरियां जैसे कि सार्वजनिक ऋण का बढ़ता स्तर और उच्च परिसंपत्ति मूल्यांकन नए झटकों को बढ़ाने की क्षमता रखते हैं। केंद्रीय बैंक ने आगे कहा कि घरेलू वित्तीय प्रणाली बैंकों और गैर-बैंकिंग कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट द्वारा मजबूत बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय बाजारों में कम अस्थिरता और उदार मौद्रिक नीति के कारण वित्तीय स्थितियां आसान हुई हैं। कॉर्पोरेट बैलेंस शीट की मजबूती समग्र व्यापक आर्थिक स्थिरता को भी समर्थन दे रही है। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पांच वर्ष में हर गांव में सहकारी संस्था होगी

सरकार राष्ट्रीय सहकारी नीति लायेगी: शाह

नयी दिल्ली (वार्ता) । केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार ने अगले पांच वर्षों में हर गांव में सहकारी संस्था के गठन का लक्ष्य रखा है और जल्द ही राष्ट्रीय सहकारी नीति की भी घोषणा की जायेगी।

श्री शाह ने सोमवार को यहां अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025 के उपलक्ष्य में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों के साथ 'मंथन बैठक0 की अध्यक्षता में यह बात कही। सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित बैठक में देशभर के सहकारिता मंत्रियों, अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों और सहकारिता विभागों के सचिवों ने भाग लिया। मंथन बैठक का उद्देश्य भारत में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए योजनाओं की समीक्षा, उपलब्धियों का आंकलन और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करना है। शाह ने कहा कि भारत में लगभग 60 से 70 करोड़ लोग ऐसे थे जिनके पास कई पीढ़ियों तक जीवन जीने की मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थीं। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक के दस वर्ष के कालखंड में ही मोदी सरकार ने इन करोड़ों लोगों का जीवनस्वप्न पूरा कर इन्हें घर, शौचालय, पीने का पानी, अनाज, स्वास्थ्य, गैस सिलिंडर आदि सुविधाएं मुहैया करायी हैं।

उन्होंने कहा कि ये करोड़ों लोग अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए उद्यम करना चाहते हैं लेकिन इनके पास पूंजी नहीं है और इनकी छोटी-छोटी पूंजी से बड़ा काम करने का एकमात्र रास्ता सहकारिता है। उन्होंने कहा कि देश के हर व्यक्ति के लिए काम के सृजन के लिए सहकारिता के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है और इसीलिए चार वर्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चिकित्सा केवल प्रोफेशन नहीं, मानवता की सेवा है

गोरखपुर (आईएएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के पहले दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों को पदक और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चिकित्सा केवल प्रोफेशन नहीं, मानवता की सेवा है। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सा एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। चिकित्सकों की तैनाती गांवों में भी होनी चाहिए, ताकि सभी को बेहतर इलाज मिल सके।

गरमा - गरम

भारतमाला की तर्ज पर रेललाइन मुआवजा घोटाला

दस्तावेज गायब होने के मामले में पटवारी और तहसीलदार ने खुद को बताया पाक साफ, एक-दूसरे पर फोड़ने लगे गड़बड़ी का ठीकरा, अब दर्ज होगी एफआईआर

हनीफ निज़ामी

रायपुर/नवप्रदेश। खरसिया-दुर्ग-परमालकसा रेल लाइन मुआवजा घोटाले का भांडा फूटने के बाद इसमें शामिल भू-माफिया और अफसरों में हड़कंप मच गया है। हाल ये है कि गड़बड़ी के सबूत वाले दस्तावेज तहसील कार्यालय से गायब कर दिये गए हैं। गायब दस्तावेजों के संबंध में जवाबतलब किये जाने पर तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

नवप्रदेश फालोअप

2018 में रेल लाइन के लिये भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने के बाद नियमों को ताक पर रखकर जमीन की खरीदी-बिक्री की गई। भू माफिया और अफसरों की मिलीभगत से नामांतरण, खाता बंटवारा आदि की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इस मामले का खुलासा होने पर जब सबूत के तौर पर जमीन खरीदी और नामांतरण सहित खाता आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि की मांग की गई, तब पता चला कि तहसीलदार कार्यालय में ये दस्तावेज नहीं हैं।

दस्तावेज गायब होने की शिकायत के बाद संभागायुक्त और कलेक्टर ने वर्तमान तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता को कार्यालय में दस्तावेज चेक करने कहा। दस्तावेज न होने पर एफआईआर दर्ज करने के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तत्कालीन तहसीलदार बोले -पटवारी के पास मिलेंगे दस्तावेज

तत्कालीन तहसीलदार जयंत बघेल ने लिखित जवाब में कहा है कि 2018 में नामांतरण की प्रक्रिया मैनुअल होती थी। मैनुअल पंजी में ही आदेश दर्ज होते थे। दस्तावेजों का संधारण भी पटवारी ही करते थे। उस समय मैनुअल नामांतरण पंजी में किये गए आदेश का पंजीयन किसी न्यायालय या केंद्रीय अभिलेखागार में नहीं होता था। आपसी सहमति नामा, इश्तिहार प्रकाशन की तिथि, शपथ पत्र, फर्द बंटवारा आदि सभी दस्तावेज तत्कालीन हल्का पटवारी के पास सुरक्षित रहते थे। तत्कालीन हल्का पटवारी से ही सारे दस्तावेज प्राप्त किये जा सकते हैं।

अब दर्ज होगी एफआईआर

गायब दस्तावेजों के संबंध में तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी का लिखित जवाब मिलने के बाद अब इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कलेक्टर ने इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि अगर दस्तावेज तहसीलदार कार्यालय में उपलब्ध नहीं है तो एफआईआर दर्ज कराया जाना चाहिये।

मुख्यमंत्री से केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री दुबे ने की मुलाकात

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान राज्य में कोयला खनन एवं उत्पादन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में राज्य में कोयला उत्पादन, खनन कार्यों की प्रगति, श्रमिकों से जुड़ी सुविधाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में कोयला एवं ऊर्जा क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को साकार करने में सहायता मिलेगी। श्री साय ने इस दौरान सीएसआर मद की राशि का उपयोग अधिक से अधिक जनकल्याणकारी कार्यों में करने के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक हरीश दुहन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

दीपक बैज के आईफोन चोरी पर गरमाई राजनीति

■ **दीपक बैज के फोन चोरी पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कसा तंज**

✷ **बैठक में उनके अपने लोग, संस्कार रखना चाहिए**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन से बैठक के बीच पीसीसी चीफ दीपक बैज का मोबाइल चोरी हो गया। इसे लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस कार्यालय में बैठक उनके अपने लोगों के बीच हो रही थी, तो मोबाइल कैसे गायब हुआ, इसका जवाब उन्हें खुद देना चाहिए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पार्टी की अंदरूनी बैठक में पीसीसी चीफ का मोबाइल गायब होना बड़ी बात है. जब अंदर वे इस तरह की गड़बड़ कर रहे हैं, तो जरा सोचिए बाहर और कैसी-कैसी गड़बड़ करते होंगे. कांग्रेसियों को संस्कार रखना होगा।

खड़गे के दौरे को लेकर उपमुख्यमंत्री का बयान - उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के दौरे पर प्रतिक्रया दी है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक नहीं, बल्की बार-बार सनातनी परंपरा का अपमान किया है. हर एक मूल्यों का अपमान करने वाले व्यक्ति का कोई स्वागत नहीं किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने की अमिताभ जैन की तारीफ - मुख्य सचिव अमिताभ जैन की

भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने कसा तंज

कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय राजीव भवन से पीसीसी चीफ दीपक बैज का मोबाइल रविवार को चोरी हो गया. इस घटना के बाद से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हड़कंप मच गया. भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने इसे लेकर तंज कसते हुए सवाल खड़े कर दिए हैं. उन्होंने प्रदेश मुख्यालय में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी नहीं होने को लेकर सवाल उठाएं हैं। भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, सुनने में आया है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी का मोबाइल फोन उनके ही प्रदेश मुख्यालय- रायपुर में चोरी हो गया! चोर को पकड़ने की कोशिश की तो सामने आया कि मुख्यालय में सीसीटीवी कैमरा नहीं हैं! उन्होंने आगे लिखा कि वैसे, यह कोई नई बात नहीं जब मुझे इसी छत्तीसगढ़ कांग्रेस मुख्यालय में बंद किया गया था, तब भी सीसीटीवी नहीं था।राधिका खेड़ा ने प्रदेश मुख्यालय की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे में साल तो उठा है कि कांग्रेस मुख्यालय में कैमरे क्यों नहीं हैं? कका के 5 साल के ऐसे क्या काले कारनामे इस मुख्यालय में छिपे हैं ?

■ न्यूज गैलरी

राज्यपाल से राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य ने की भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में सदस्य राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार अमर परवानी ने सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल से विधायक शर्मा ने भेंट की

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल से बारले ने की भेंट

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में पद्मश्री से सम्मानित उषा बारले ने सौजन्य भेंट की।

राज्यपाल से छत्तीसगढ़ ब्राम्हण समाज के पदाधिकारियों ने की भेंट

रायपुर /नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने भेंट की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, डॉ. मेघेश तिवारी,अविनाश शुक्ला,भूपेंन्द्र शर्मा, संजय दीवान उपस्थित थे।

प्रदेश में मानसून मेहरबान भारी बारिश की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में सोमवार को सुबह से हल्की बारिश हो रही है. छत्तीसगढ़ में मॉनसून अब पूरे जोर पर है. आज से मानसूनी गतिविधि बढ़ने की संभावना जताई गई है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा के भी आसार हैं। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई. इसके साथ ही बलरामपुर जिले में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान 31 डिग्री पेण्ड्रा रोड में और सबसे कम तापमान 19.7 डिग्री राजनांदगांव में दर्ज किया गया।मौसम प्रणालियां - मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक निम्न का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तट के पास स्थित है। इसके साथ उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है, जो धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर उड़ीसा, गंगेटिक, पश्चिम बंगाल और झारखंड की ओर अगले दो दिनों तक आगे बढ़ने की संभावना है।

शराब घोटाला मामला : पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ 1100 पन्नों की चार्जशीट पेश

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के 2161 करोड़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ आज ईओडब्ल्यू ने चौथा पूरक चालान पेश किया. विशेष कोर्ट में 1100 पन्नों का चालान पेश किया गया. इस चार्जशीट में लखमा की अहम भूमिका का उल्लेख किया गया है. इसमें 66 पेज की समरी में प्रकरण का ब्योरा दिया गया है.

21 जनवरी से जेल में हैं कवासी लखमा

गौरतलब है कि शराब घोटाले मामले में श्वष्ठ ने 15 जनवरी को कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उनसे 2 बार श्वष्ठ दफ्तर बुलाकर पूछताछ की गई थी। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार करने से पहले श्वष्ठ ने उन्हें 7 दिन कस्टोडियल रिमांड में लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद 21 जनवरी से 4 फरवरी तक लखमा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पिछली सुनवाई के दौरान जेल में पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं होने के कारण लखमा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने लखमा की 18 फरवरी तक रिमांड बढ़ा दी थी।

क्या है शराब घोटाला?

तत्कालीन भूपेश सरकार में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, उनके बेटे यश टुटेजा और ष्ट्रू सचिवालय की तत्कालीन उपसचिव सौम्या चौरसिया के खिलाफ आयकर विभाग ने दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में 11 मई, 2022 को याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया कि छत्तीसगढ़ में रिश्वत, अवैध दलाली के बेहिसाब पैसे का खेल चल रहा है. इसमें रायपुर महापौर रहे एजाज ढेबर का भाई अनवर ढेबर अवैध वसूली करता है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में दायर याचिका के आधार पर श्वष्ठ ने 18 नवंबर, 2022 को पीएमएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था. आयकर विभाग से मिले दस्तावेजों के आधार पर श्वष्ठ ने जांच के बाद 2161 करोड़ के घोटाले की बात का कोर्ट में पेश चार्जशीट में जिक्र किया था। ईडी ने अपनी चार्जशीट में बताया कि किस तरह एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर के आपराधिक सिंडिकेट के ज़रिए आबकारी विभाग में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। ईडी ने चार्जशीट में कहा कि 2017 में आबकारी नीति में संशोधन कर सीएसएमसीएल के ज़रिए शराब बेचने का प्रावधान किया गया, लेकिन 2019 के बाद शराब घोटाले के किंगपिन अनवर ढेबर ने अरुणपति त्रिपाठी को सीएसएमसीएल का एमडी नियुक्त कराया।

बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की पर्यवेक्षकों की सूची

✷ **सीजी-एमपी के नेता संभालेंगे चुनावी मोर्चा**

रायपुर /नवप्रदेश । बिहार में आगामी समय में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति तैयार करने 58 ऑब्जर्वरों की लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के 4 नेताओं पर भरोसा जताया है। वहीं छत्तीसगढ़ से 4 लीडर को इसमें जगह मिली है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने ऑब्जर्वर्स की सूची जारी की है। इसके मुताबिक, मध्य प्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य प्रियव्रत सिंह और भोपाल विधायक आरिफ मसूद, विधायक पंकज उपाध्याय और अनुपमा आचार्य को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं छत्तीसगढ़ से पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, संगठन से जुड़े दीपक मिश्रा और वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर बघेल का नाम शामिल है।

बूथ मैनेजमेंट और कार्यकर्ता एकजुटता पर रहेगा फोकस-इन पर्यवेक्षकों को खासतौर पर बूथ मैनेजमेंट को बेहतर करने, स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना होगा।

शहर के सितारा होटलों में पुलिस आबकारी विभाग की दबिश

■ **कोर्टयार्ड मैरियट, मयूरा, महिंद्रा और ली रॉय ओपन बार खुले पिला रहे थे शराब**

रायपुर/नवप्रदेश । अपने राजनीतिक रसूख के आड़ में दबंगई कर रहे सितारा होटलों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। राजधानी के दो दर्जन से ज्यादा बार-रेस्टोरेंट और होटलों में पिछले दो दिनों में पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने दबिश दी। दबिश के दौरान बार-रेस्टोरेंट से शराब व बीयर की बोतल बेचे जाने की पुष्टि हुई, जिसकी शिकायत लंबे समय से मिल रही थी. इस दबिश में बड़े स्टार होटल, रेस्टोरेंट व बार शामिल हैं, जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. मालूम हो कि नियमानुसार बार-रेस्टोरेंट और होटल को स्नैक्स, भोजन के साथ शराब पिलाने का लाइसेंस मिला है, न कि बेचने का, लेकिन अधिकांश बार-रेस्टोरेंट व होटलों में रातभर सील टाइट बोतल महंगे दाम पर बेची जा रही है। यह काम अमूमन बार-रेस्टोरेंट, होटल बंद होने के बाद पिछले दरवाजे से हो रहा है, जो रातभर चलता है, जिसकी लंबे समय से शिकायत मिल रही थी।

इसी कड़ी में पुलिस और आबकारी विभाग ने गत शुक्रवार 27 जून को सूर्या बार, होटल ओलिव, सेंट्रल पाइंट, महिंद्रा और ली रॉय में दबिश दी। सूर्या वार निर्धारित समय के बाद भी खुला मिला और पांचों बार-रेस्टोरेंट शराब-बीयर की बिक्री करते पाए गए। इसी कड़ी में दूसरे दिन शनिवार 28 जन को फिर एलोरा इशिका और सुधा रीजेंसी में दबिश दी गई. यहां भी शराब की बिक्री पकड़ी गई. एक होटल को-पाइको में बिना लाइसेंस के ही शराब पिलाते पकड़ा गया. इस तरह चारों होटलों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया. इसके अलावा भी राजधानी के कोर्टयार्ड मैरियट, होटल पुनीत, सेंट्रल पॉइंट, आदित्य, विनार, सवेरा, सालिटायर, मयूरा, सतलज, आर्किड, कोया, जूक, एल्सव्हेयर, हाइपर क्लब, धूम्स विलेज और वीआईपी रोड के अन्य होटल-रेस्टोरेंट की जांच की गई. इन होटलों में भी बिक्री और गड़बड़ियां पाई गई हैं, जिस पर विभागीय प्रकरण दर्ज किया गया है. इसमें होटल कोर्टयार्ड मैरिएट के बार में निरीक्षण पुस्तिका और स्टॉक रजिस्टार प्रस्तुत नहीं किया गया और निर्धारित समय के बाद भी बार खुला रहा, जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई।

आउटर के ढाबों में भी दबिश की जरूरत-जिन बार रेस्टोरेंट में खुलेआम महंगी कीमत पर शराब-बीयर की बिक्री की जा रही थी, इसकी शिकायत लंबे समय से मिल रही थी.

अधूरे स्काईवॉक का आठ साल बाद फिर शुरू हुआ निर्माण कार्य

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में शास्त्री चौक से जयस्तंभ चौक व अंबेडकर अस्पताल चौक के बीच 8 साल से अधूरे स्काईवॉक (फुटओवरब्रिज) का निर्माण कार्य अब शुरू होने जा रहा है. अंबडेकर अस्पताल के पास अस्थाई कार्यालय बनाने के बाद रविवार को निर्माण एजेंसी के कुछ कर्मचारी व इंजीनियर सीढ़ियों के सहारे स्काईवॉक के ढांचे पर चढ़कर मुआयना करते दिखे. वहीं, भिलाई में भी स्काईवॉक के कुछ स्ट्रक्चर का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। स्काईवॉक के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए रायपुर की एजेंसी पीएसएए कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को ठेका दिया गया है। अनुबंध व कायदिश जारी होने के बाद निर्माण का काम शुरू किया जा रहा है।

ढांचे का किया जा रहा परीक्षण-लंबे समय से निर्माण कार्य अधूरा होने तथा देखरेख के अभाव में स्काईवॉक का ढांचा जर्जर होने लगा है. आशंका जताई जा रही है कि लोहे के गर्डर सहित कुछ अन्य निर्माण सामग्रियां खराब हो रही हैं। इसे देखते हुए पहले स्काईवॉक के स्ट्रक्चर का परीक्षण किया जा रहा है। मुख्य अभियंता द्वारा गठित समिति द्वारा पिछले स्काईवॉक का स्थल निरीक्षण किया जा चुका है. प्रतिवेदन में स्ट्रक्चर के सभी भागों में निर्माणाधीन स्ट्रक्चर का स्टील/नट बोल्ट इत्यादि की स्थिति संतोषप्रद बताई गई है। वेल्डिंग वाले स्थानों पर खुले वातावरण में रहने के कारण जंग लगना प्रारंभ हो गया है।

50 करोड़ रुपए हो चुके खर्च

स्काईवॉक के स्ट्रक्चर का लगभग 60 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस पर अभी तक लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं. अभी 40 प्रतिशत निर्माण कार्य बाकी है. स्काईवॉक पिछले 8 साल से अधूरा पड़ा हुआ है. कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में काम पूरी तरह से उप हो गया था।

रिश्तों में खटास आने पर होता है अलगाव : विशाखा

■ **रोहिणीपुरम महिला केंद्र की मासिक बैठक में प्रेरक संबोधनों के साथ निशानेबाजी की मस्ती भी**

रायपुर/नवप्रदेश । हमारा समाज उस नाजुक दौर से गुजर रहा है, जिसमें छोटी सी खटास जीवन के खूबसूरत रंग को ही बदरंग कर देती है, जैसे दूध में पानी मिलाने पर दोनों एक-दूसरे में घुलकर मिल जाते हैं। अब इसी दूध में खटास की कुछ बूंदें डाल दी जाए तो दूध और पानी अलग- अलग हो जाते हैं। इसी तरह रिश्तों में भी अगर कुछ खटास आ जाए तो नतीजा दूध और पानी की तरह अलगाव वाला हो जाता है। रचना रविंद्र ठेंगडी के घर पर आयोजित महाराष्ट्र मंडल के रोहिणीपुरम महिला केंद्र की मासिक बैठक में इस आशय के विचार महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने व्यक्त किए।

विशाखा ने कहा कि अगर हम एकजुट होकर आपसी लगाव, विश्वास और समर्पण के साथ रहेंगे, तो हमारा परिवार भी सशक्त होगा और हम अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे सकेंगे। हमारा परिवार जितना एकजुट होगा, हम उतना ही ज्यादा समय अपने समाज को भी दे सकेंगे और जनसेवा के कई कार्य कर सकेंगे।

उपाध्यक्ष गीता दलाल ने महाराष्ट्र मंडल के भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को मंडल की आपुलकी योजना शुरू करने की तैयारी है। इस योजना को फलीभूत करने के लिए समता कॉलोनी स्थित दिव्यांग बालिका विकास गृह के लगभग तीन दशक पुराने भवन के रिनोवेशन का काम तेजी से जारी है। नए अत्याधुनिक सुविधाओं वाले भवन में न केवल दिव्यांग बच्चियों को ऐसी अनेक सुविधाएं भी मिलने लगेंगी, जो अब तक उन्हें नहीं मिल रही थी, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे केयर सेंटर की तर्ज पर चलने वाली आपुलकी योजना भी नए दिव्यांग बालिका विकास गृह में ही संचालित होगी। गीता के मुताबिक इस योजना को धरातल पर लाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसके लिए हमें दिव्यांग बालिका विकास गृह भवन के रिनोवेशन के लिए मुक्त हस्त से आर्थिक सहित हर तरह का सहयोग करना चाहिए। साथ ही अपने परिचितों, निकटस्थ लोगों को भी दान देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। हमें विश्वास है कि आप सभी के सहयोगात?मक रवैये के कारण आपुलकी योजना के रूप में महाराष?ट्र मंडल को एक और पहचान मिलेगी।

रोहिणीपुरम केंद्र की सदस्य और स्वावलंबन समिति की प्रमुख शताब्दी पांडे ने सभी सदस्यों को अपनी समिति की कार्ययोजनाओं की बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समिति अब महाराष्ट्र मंडल की युवतियों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करने जा रही है।

प्रदेश में अब तक 142.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 142.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 293.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 67.4 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 125.8 मि.मी., सूरजपुर में 177.7 मि.मी., जशपुर में 284.8 मि.मी., कोरिया में 221.0 मि.मी. और मनेन्द्रग?-चिरमिरी-भरतपुर में 142.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 123.1 मि.मी. बलौदाबाजार में 154.7 मि.मी., गरियाबंद में 142.1 मि.मी., महासमुंद में 129.3 मि.मी. और धमतरी में 114.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर में 87.9 मि.मी., मुंगेली में 109.7 मि.मी., रायगढ़ में 187.9 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 113.6 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 152.2 मि.मी., सक्ती में 83.2 मि.मी. कोरबा में 141.2 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 138.5 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 103.7 मि.मी., कबीरधाम में 76.5 मि.मी., राजनांदगांव में 69.0 मि.मी. वर्षा हुई।


बी. के ट्रेडर्स
बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर
दैनिक नवप्रदेश के 14 साल पूर्ण होने पर बधाई, डॉक्टर डे की शुभकामनाएं..
HAPPY Doctor's Day
NATIONAL DOCTOR'S DAY
-: विनीत :-
बिरेंद्र वैष्णव
जीतू वैष्णव
बी. के. ट्रेडर्स
टेडेसरा, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
जितू- 7987045125
बिरेन्द्र
9399348799
8718956527

राजीव लोचन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल चंदखुरी, दुर्ग (छ.ग.)
चंदखुरी, दुर्ग (छ.ग.) मो.नं. 9425550359, 9713255577
काया चिकित्सा, बाल रोग सर्जरी कान, नाक, गला, दंत, नेत्र, स्त्री, एवं प्रसूति रोगों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आयुर्वेदिक पंचकर्म रसायन चिकित्सा पद्धति द्वारा जीर्ण व्याधियों का सफल एवं स्थायी उपचार का एकमात्र संस्थान
Doctor's Day
उपलब्ध सुविधाएं
24x7 चिकित्सा सुविधा।
60 शैय्या युक्त आंतरिक रोगी विभाग।
न्यूनतम दर पर बिस्तर, पंचकर्म एवं भोजन व्यवस्था।
24 घण्टे प्रसव की सुविधा उपलब्ध।
फिजियोथैरेपी यूनिट, पैथोलॉजी एक्स-रे की सुविधा न्युनतम दाम में दवाई उपलब्ध।
एम्बुलेंस न्युनतम दरों में उपलब्ध।
NATIONAL DOCTOR'S DAY
जीर्ण रोगों से ग्रसित मरीज एक बार आकर आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से इलाज आवश्य करावें।

Doctor's Day
Life Care
SCAN & RESEARCH PVT. LTD.
creating a foundation for a healthier future.
that go beyond just care.
3T MRI
128 Slices Cardiac CT Scan
Advanced Pathology
MEGH GANGA Group

SATYADEEP
DIAGNOSTICS & CLINIC
पता:- शॉप नं.1, लक्ष्मी मार्केट रोड, सुपेला, भिलाई
9179389854
satyadeepdiagnostic@gmail.com
सोनोग्राफी, एक्स-रे, पैथोलॉजी, ई.सी.जी.
बी.पी.एल./स्मार्ट कार्ड, आयुष्मान कार्डधारी, कैंसर के मरीजों एवं वरिष्ठ नागरिकों को हर जाँच पर
40% की भारी छूट
महिलाओं की सोनोग्राफी महिला डॉक्टर के द्वारा की जाती है।
सोनोग्राफी, पैथोलॉजी, ई.सी.जी., ओ.पी.डी., डिजिटल एक्स-रे, 3डी-4डी सोनोग्राफी, खून-पेशाव जाँच केन्द्र कम्प्यूटराईज्ड पैथोलॉजी लैब
Doctor's Day
डॉ. सौरभ साव
मेडिकल डायरेक्टर एवं कंसलटेंट
समय : प्रतिदिन सुबह 9:00 से रात 9:00 बजे तक

।। सेवा समर्पण विश्वास ।।
जय तुलसी
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं डायग्नोस्टिक सेंटर
(आधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं के साथ)
जय तुलसी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NATIONAL DOCTOR'S DAY
24X7 आपात चिकित्सा, ट्रामा केयर, मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी एवं राजनांदगांव की प्रथम डिजिटल एक्स-रे यूनिट
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
जय तुलसी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
महामाया चौक, व्ही. आई.पी. रोड, महेश नगर के पास. पेट्रोल पंप के नजदीक, राजनांदगांव (छ.ग.), 70001-65604, 07744-35007

SANJEEVANI
NURSING HOME
HEART CARE & SUPERSPECIALITY HOSPITAL
हैप्पी डाक्टर्स डे
संसार में डॉक्टर ही एक ऐसा इंसान है, जिसे मरीज आस भरी नजरों से देखता है, जैसे वो भगवान से दुआ करता है...
HAPPY Doctor's Day
NATIONAL DOCTOR'S DAY
संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट केयर एंड सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटलद्द, राजनांदगांव

सुविचार

कुछ तो चाहत होगी बारिश की बूंदों की वरना कौन गिरता है इस जमीन पे आसमान पर पहुंचने के बाद। - अज्ञात

पद्मश्री स्व. डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति को चिरस्थाई बनाया जाए

दुर्ग जिले और पूरे छत्तीसगढ़ का देश व दुनिया में नाम रौशन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि पद्मश्री स्व. डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए राज्य सरकार को सार्थक पहल करनी चाहिए। उनकी स्मृति को अक्षुण्य बनाना ही स्व. डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अविभाजित दुर्ग जिले के बेमेतरा में जन्में डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे पेशे से आर्युवेदिक चिकित्सक थे, किन्तु उन्होंने एक हास्य कवि के रूप में देश व दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। साहित्य सेवा के लिए उन्हें कई सम्मान मिले थे और फिर उन्हें सरकार ने पद्मश्री के गौरवशाली सम्मान से विभूषित किया था। डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे ने अपनी हास्य रचनाओं से न सिर्फ लोगों को गुदगुदाया बल्कि देश व दुनिया में छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति का भी प्रचार किया उनकी छत्तीसगढ़ी रचनायें पूरे देश में सुनी जाती रही है। ऐसी महान विभूति को सही सम्मान देना छत्तीसगढ़ सरकार का दायित्व बनता है। इस संदर्भ में वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि छत्तीसगढ़ के हर जिले में कम से कम एक सरकारी संस्थान का नाम पद्मश्री डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे के नाम पर किया जाये। उनकी यह मांग न्यायोचित है। उम्मीद की जानी चाहिए की राज्य सरकार उनकी मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करेगी और यथाशीघ्र उचित निर्णय लेगी। क्योंकि दुर्ग डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की कर्म भूमि रही है। इसलिए दुर्ग जिला मुख्यालय में डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में किसी सरकारी भवन का नामकरण किया जाना सर्वथा उपयुक्त होगा। इस संदर्भ में दुर्ग के एक सामाजिक कार्यकर्ता शत्रुंजय तिवारी ने सुझाव दिया है कि दुर्ग के प्राचीन व ऐतिहासिक हिन्दी भवन में डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण एक वाचनालय प्रारंभ किया जाये। अन्य सहित्यिक संस्थाओं ने भी डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में इसी तरह के कारगर कदम उठाने की आवश्यकता प्रतिपादित की है। दुर्ग जिला मुख्यालय में स्थित हिन्दी भवन में डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में सार्वजनिक वाचनालय प्रारंभ करना सबसे उपयुक्त कदम होगा। गौरतलब है कि ब्रिटिश शासनकाल में 1911 में हिन्दी भवन बना था जिसका नाम एडवर्ड हाल रखा गया था। 1915 में जिसके ऊपरी मंजिल पर सार्वजनिक वाचनालय प्रारंभ किया गया था। आजादी के बाद भी हिन्दी भवन अविभाजित दुर्ग जिले की साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र रहा और इसे हिन्दी भवन का नाम दिया गया था। सातवें दशक में दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति की गतिविधियां यही से संचालित होती थी। बाद में यहां ऊपरी मंजिल पर आयुर्वेद महाविद्यालय प्रारंभ हुआ था जहां आयुर्वेद रत्न और साहित्य रत्न की परिक्षायें आयोजित की जाती थी उसी समय कुछ समय तक वीणा पाणि साहित्य समिति की सहित्यिक गतिविधियों का भी यह केन्द्र बना रहा और नीचे की मंजिल पर दुर्ग नगर निगम का सार्वजनिक वाचनालय संचालित होता रहा। इस तरह हिन्दी भवन लगभग सौ सालों तक साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र बना रहा और हिन्दी भवन के नाम को सार्थक करता रहा। 2006 में यहां दुर्ग नगर निगम का मुख्यालय स्थापित कर दिया गया और 2013 से हिन्दी भवन को संभाग आयुक्त का कार्यालय बना दिया गया। अब जबकि दुर्ग नगर निगम का नया मुख्यालय बन चुका है तो संभाग आयुक्त का नया कार्यालय भी जिला कचहरी के पास स्थापित किया जाना चाहिए और हिन्दी भवन की पुरानी गरिमा लौटाई जानी चाहिए। हिन्दी भवन में पद्मश्री डॉक्टर सुरेन्द्र दुबे की स्मृति में अत्याधुनिक सार्वजनिक वाचनालय प्रारंभ किया जाना चाहिए। ऐसा करके ही हम डॉक्टर सुरेन्द्र दूबे को सच्ची अर्थों में श्रद्धांजलि अर्पित कर पायेंगे। दुर्ग जिले के साहित्यकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी ऐसी भी मंशा है इसलिए प्रदेश की विष्णुदेव सरकार से अपेक्षा की जानी चाहिए कि वह जनभावनाओं के अनुरूप दुर्ग के ऐतिहासिक हिन्दी भवन को एक बार फिर साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र बनाये और डॉक्टर सुरेन्द्र दूबे की स्मृति को अक्षुण्य बनाये।

सद्गुरू बोधा मृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆हमारे आकर्षण के केंद्र केवल हमारे गुरुजी हैं।

◆यहाँ भी प्रिया प्रीतम के साथ, वहाँ भी प्रिया प्रीतम के साथ। हमारे जीवन का परम ध्येय ही है उनका सुख, उनका आनंद, तो न यहां (संसार) रहने से बहुत ज्यादा आसक्ति होती है; आसक्ति एक ही जगह है- यहाँ रहे तब भी आसक्ति श्री कृष्ण हैं, स्थानांतरण हो तब भी आसक्ति श्री कृष्ण में हैं। जगह बदल रहा है हमारी आसक्ति नहीं बदल रही। तकलीफ उनको होता है जो जगह, मनुष्य और वस्तु बदलते-बदलते जिनकी आसक्तियां भी बदलती रहती है। जिनको अपने कल्याण की चिंतन सदा रहती है, चिंता नहीं चिंतन ! कल्याण कौन है? शिव; शिव की चिंता नहीं की जाती शिव चिंता करने के लिए बैठे हैं। काशी में जब कोई चला जाता है तो उसके मोक्ष का चिंता शिव करते है कि वो करता है?

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1921 चीन में कम्यूनिस्ट पार्टी का गठन। 1927 भारत के 8वें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर सिंह का जन्म। 1955 इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया का राष्ट्रीयकरण किया गया और इसे स्टेट बैंक ऑफइंडिया का नाम दिया गया। 1959 जम्मू कश्मीर के दूसरे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का जन्म। 1960 अफ्रीकी देश घाना को गणराज्य घोषित किया गया। 1964: भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना 1968 अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और 59 अन्य देशों ने परमाणु हथियारों का प्रसार रोकने के लिए परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तख्त किए। 1975 तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 20 सूत्री कार्यक्रम का ऐलान किया। 1991 वारसा संधि भंग की गई। 1995 अमेरिका ने ताइवान के खिलाफ लगे प्रतिबंध को हटाया। 1996 ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी प्रांत में इच्छा मृत्यु कानून विश्व में पहली बार लागू।

डॉ. संजय शुक्ला

अलबत्ता इस पेशे पर उठ रही उंगलियों के मद्देनजर यह भी विचारणीय है कि आखिरकार डॉक्टर भी समाज का ही हिस्सा है तथा उसकी भी पारिवारिक जिम्मेदारी और जरूरतें हैं लिहाजा नैतिकता और परोपकार की अपेक्षा इसी बिरादरी से क्यों? आखिरकार वर्तमान भौतिकवादी दौर में डॉक्टरों को भी पैसों की जरूरत है लेकिन इन पैसों की कमाई के तरीकों पर जरूर बहस होना चाहिए क्योंकि यह सीधे तौर पर व्यक्ति के सेहत से जुड़ा मसला है। यदि कोई चिकित्सक अपनी योग्यता और कौशल के बल पर इस पेशे की शुचिता और शपथ के मर्यादा में पैसा कमाता है तो यह कतई अनैतिक नहीं है।बहरहाल 'डॉक्टर्स-डे' की सार्थकता तब है जब चिकित्सक अपनी व्यवसायिक दायित्वों के प्रति सजग होकर अपने पेशे को महज कमाई का जरिया न मानते हुए इसे पीड़ित मानव के सेवा का माध्यम भी माने। समाज से भी अपेक्षा है कि वह चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील बनें आखिरकार ईश्वर भले ही हमें जीवन देता है लेकिन गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं के दौरान जीवन की रक्षा तो डॉक्टर ही करता है।

डॉक्टर - मरीज की बीच भरोसे का डोर मजबूत हो

डॉक्टर यानि चिकित्सक को " गॉड ऑफअर्थ" यानि धरती का भगवान कहा गया है।डॉक्टरी पेशा ही एक ऐसा पेशा है जिसकी हमेशा सर्वोच्च सामाजिक प्रतिष्ठा रही है। भारत में पौराणिक काल से लेकर आधुनिक दौर में वैद्यों, हकीमों और डॉक्टरों का व्यवसायिक नजरिए से सम्मानजनक स्थान रहा है। देश के महान चिकित्सक डॉ. बिधानचंद्र राय जिनका जन्मदिन 1 जुलाई है की स्मृति में भारत में प्रतिवर्ष ÷डॉक्टर्स डे÷ मनाया जाता है। डॉ. राय की ख्याति केवल उच्च शिक्षा प्राप्त मेडिकल टीचर और डॉक्टर के तौर पर ही नहीं थी बल्कि उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में बतौर सेनानी असहयोग आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। ?डॉ. बिधानचंद्र राय आगे चलकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी बने तथा उन्हें देश के सर्वोच्च अलंकरण ÷ भारत रत्न÷ से नवाजा गया। अलबत्ता स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते निजीकरण और लचर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के चलते चिकित्सा जैसा पवित्र पेशा अब अनेक विसंगतियों से जूझने लगा है। बाजारवाद और कार्पोरेट घरानों के भारी निवेश के चलते चिकित्सा का क्षेत्र सेवा की जगह कमाई का जरिया बन रहा है फलस्वरूप डॉक्टरों और मरीज के बीच पहले जैसा विश्वास नहीं रहा जो पेशे की अहम कड़ी है। बीते कुछ दशकों के दौरान चिकित्सा क्षेत्र में कुछ ऐसे घटनाएं हुई है उसने डॉक्टरी पेशे की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया है। गौरतलब है कि भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में स्वास्थ्य का क्षेत्र शहरी और ग्रामीण तथा अमीर व गरीब के बीच में बंटा हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जारी असमानताओं और विसंगतियों के कारण अब डॉक्टर और मरीज के बीच भरोसे का डोर लगातार कमजोर हो रहा है फलस्वरूप चिकित्सक और मरीज के परिजनों के बीच हिंसक झड़पों की खबरें आम हो चुकी है। हालांकि सभ्य समाज में ऐसे संघर्ष को कदापि स्वीकार नहीं किया जा लिहाजा आज जरूरत डॉक्टर और मरीज के बीच बढ़ रहे अविश्वास को खत्म करने की जरूरत है इसके लिए समाज और चिकित्सक बिरादरी के बीच संवाद के फासले को कम करना होगा।नैतिक मूल्यों के पतन के वर्तमान दौर में चिकित्सा जैसा मुकद्दस पेशा भी अछूता नहीं है फलस्वरूप डॉक्टरों के सफेद कोट यानि एप्रन पर भी दाग के छींटे पड़ने लगे हैं। बीते दौर में निजी अस्पतालों के डॉक्टरों द्वारा अनावश्यक गर्भाशय निकालने, गैरजरूरी सर्जरी करने, धोखेबाजी करके किडनी निकालने, हृदय के धमनियों की सर्जरी के दौरान लगने वाले "स्टेंट" अथवा एंजियोप्लास्टी में घपला करने, लिंग परीक्षण अथवा एबॉर्शन में पैसे ऐंठने, स्मार्ट कार्ड घोटाले में संलिप्तता और पैसों के भुगतान के आड़ में शव को बंधक बनाने जैसी खबरें सामने आई है। आज आमधारणा यह बनती जा रही है डॉक्टर अपने कमीशन और अस्पतालों के भारी-भरकम खर्च जुटाने के लिए मरीजों की गैर जरूरी जांच कराते हैं अथवा भर्ती रखते हैं। इसी प्रकार

आज डाक्टर डे पर विशेष

लोगों का यह भी सोच बन चुका है कि डॉक्टर दवा कंपनियों से मिलने वाले उपहार या सैर-सपाटे के ऐवज में मरीजों को सस्ती दवाओं की जगह महंगे ब्रांडेड दवाएं लिखते हैं। अलबत्ता चिकित्सकों से संबंधित उपरोक्त खबरें और धारणाओं में अर्धसत्य है क्योंकि आज भी अधिकांश चिकित्सक अपने पेशे और प्रतिष्ठा के प्रति संजीदा हैं। दूसरी ओर महज चंद डॉक्टरों के अनैतिक गतिविधियों के चलते समूचे चिकित्सक समुदाय को कठघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता। डॉक्टर अपने मरीजों के सेहत और जिंदगी के प्रति कितना फिक्रमंद हैं? इसका उदाहरण हमने बीते वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान देखा जब पूरी दुनिया अपने घरों में तालेबंद थी तब यही चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ दिन-रात हजारों मरीजों की सांसों की डोर थामने अपनी जान को दांव पर लगा रहे थे। इस महामारी से संक्रमितों के उपचार के दौरान जहां देश के हजारों डॉक्टर और सहकर्मी कोरोना से संक्रमित हुए वहीं लगभग 1000 डॉक्टरों की मौत इस महामारी से हुई। दरअसल डॉक्टर की जिंदगी में ऐसे क्षण बार - बार आते हैं जब कोई मरीज जिंदगी के लिए निर्णायक संघर्ष करते रहता है तब यह संघर्ष अकेले मरीज का ही नहीं होता है बल्कि इस संघर्ष का अहम हिस्सा उस डॉक्टर का होता है जो मरीज की जिंदगी के लिए खुद जद्दोजहद कर रहा होता है। बीमार को बीमारी और मौत के मुंह से लौटाकर उसे सेहतमंद बनाने और जिंदगी बचाने के असली मायने एक डॉक्टर से बेहतर कोई नहीं जान सकता।

सच्चाई यह है कि हर डॉक्टर मरीज की जान बचाने और उसे तंदुरुस्त रखने की हरसंभव कोशिश करता है ऐसे में यदि किसी मरीज के साथ अनहोनी हो जाए तो चिकित्सक को दोषी ठहराना कत?ई उचित नहीं है। लेकिन अपवाद स्वरूप सच्चाई यह भी है कि कुछ मामलों में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफकी लापरवाही और उदासीनता भी सामने आई है जिसके चलते मरीजों को अपने जान से हाथ धोना पड़ा है। इन विसंगतियों के मद्देनजर चिकित्सक संगठनों की भी जवाबदेही है कि वह चिकित्सा पेशे की धूमिल होती साख के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं ताकि इस पेशे की प्रतिष्ठा और शुचिता कायम रहे।

भारत जैसे देश में डॉक्टर और मरीज के बीच पनप रहे अविश्वास के लिए सरकार, समाज और चिकित्सक समान रूप से जिम्मेदार हैं। दरअसल देश की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था शुरूआत से ही उपेक्षा और बदहाली का शिकार रहा है। अभावों से जूझते सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में काम करने वाले चिकित्सकों और जूनियर डॉक्टर्स सीमित तनख्वाह में अपने परिवार से दूर 24 से 36 घंटे बीमार और गंदगी के बीच लगातार तीमारदारी में जुटे होते हैं। हाल के दिनों में काम के बोझ के चलते डॉक्टरों द्वारा खुदकुशी के मामले भी सामने आए हैं। दूसरी ओर सरकार डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को सुरक्षा देने में लगातार नाकाम रही है फलस्वरूप डॉक्टरों और अस्पतालों पर हमलों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बहरहाल डॉक्टरी पेशे की धूमिल होती छवि और मरीज और चिकित्सक के बीच बढ़ते फासले को दूर करने के लिए परस्पर संवाद की जरूरत है। अलबत्ता इस पेशे पर उठ रही उंगलियों के मद्देनजर यह भी विचारणीय है कि आखिरकार डॉक्टर भी समाज का ही हिस्सा है तथा उसकी भी पारिवारिक जिम्मेदारी और जरूरतें हैं लिहाजा नैतिकता और परोपकार की अपेक्षा इसी बिरादरी से क्यों? आखिरकार वर्तमान भौतिकवादी दौर में डॉक्टरों को भी पैसों की जरूरत है लेकिन इन पैसों की कमाई के तरीकों पर जरूर बहस होना चाहिए क्योंकि यह सीधे तौर पर व्यक्ति के सेहत से जुड़ा मसला है। यदि कोई चिकित्सक अपनी योग्यता और कौशल के बल पर इस पेशे की शुचिता और शपथ के मर्यादा में पैसा कमाता है तो यह कतई अनैतिक नहीं है।बहरहाल 'डॉक्टर्स-डे' की सार्थकता तब है जब चिकित्सक अपनी व्यवसायिक दायित्वों के प्रति सजग होकर अपने पेशे को महज कमाई का जरिया न मानते हुए इसे पीड़ित मानव के सेवा का माध्यम भी माने। समाज से भी अपेक्षा है कि वह चिकित्सकों के प्रति संवेदनशील बनें आखिरकार ईश्वर भले ही हमें जीवन देता है लेकिन गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं के दौरान जीवन की रक्षा तो डॉक्टर ही करता है।

डॉ शाहिद अली

बाद में इसका प्रकाशन फिर शुरू हुआ जो आज दैनिक अखबार के रूप में प्रतिष्ठित है। श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी के संपादन में साप्ताहिक महाकौशल का पुनर्प्रकाशन 06 मार्च 1946 से रायपुर से शुरू हुआ। नए कलेवर के साथ शुरू हुए इस पत्र में राजनीति के अलावा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भरपूर स्थान मिला। श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी इस पत्र में महादेव घाट से एक लोकप्रिय स्तंभ लिखते थे जो अघोर भैरव के नाम से विख्यात था। श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने महाकौशल को वर्ष 1951में दैनिक अखबार का स्वरूप दिया जिसकी व्यवस्था का जिम्मा श्री श्यामाचरण शुक्ल ने उठाया।

हिंदी पत्रकारिता के शिरोमणि प.स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी

छत्तीसगढ़ में हिंदी पत्रकारिता का गौरवशाली युग रहा है। इस युग की नींव छत्तीसगढ़ मित्र के शलाका पुरुष प. माधव राव सप्रे ने। शलाका का अर्थ सत्य, अहिंसा, सादगी और पवित्रता है। सप्रे जी की पत्रकारिता के ऐसे रत्न थे जिनकी प्रेरणा और प्रताप से छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता का स्वर्णिम युग प्रारम्भ हुआ। ऐसे ही युग के शिरोमणि रहे प.स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी, जिनकी आज जयंती है। हिंदी पत्रकारिता के शिरोमणि श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी का जन्म एक जुलाई 1920 को कानपुर के अकोढ़ी ग्राम में हुआ। लेकिन अविभाजित मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ उनकी कर्मभूमि रही। पंडित स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी एक प्रसिद्ध पत्रकार, साहित्यकार और स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके पिता श्री गयाचरण त्रिवेदी भी समाज सेवा और स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय थे। त्रिवेदी जी ने अपनी शिक्षा छत्तीसगढ़ कॉलेज से पूरी की और 1940 में कांग्रेस पार्टी के मुखपत्र ÷कांग्रेस पत्रिका÷ से जुड़े। पत्रकारिता और साहित्य में उनका योगदान अद्वितीय था। राष्ट्रीय आंदोलन की पृष्ठभूमि में जनचेतना के अग्रदूत स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हिंदी साहित्य और पत्रकारिता की एक समृद्ध विरासत को जन्म दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, राजेन्द्र बाबू और सरदार वल्लभ भाई पटेल का उनके जीवन में गहरा प्रभाव था। इसलिए राष्ट्रीय आंदोलन की प्रत्येक गतिविधियों से वे जुड़े रहे। अपने पिता की तरह ही उनमें देश की आजादी के लिए मर मिटने की तमन्ना कूट कूट कर भरी हुई थी। बाल्यावस्था में ही साहित्यिक लेखन और पत्रकारिता में उनका जुड़ाव बन गया था। खड़ी बोली हिन्दी में लिखना और अनुवाद में अभिरुचि ने उनके जीवन को एक खास दिशा दी। यही वो दिशा थी जब उनके व्यक्तित्व में एक पत्रकार के साथ-साथ एक कवि, कहानीकार, नाटककार , निबंधकार, व्यंग्यकार जैसे बहुआयामी प्रतिभा का विकास

जन्म जयंती पर विशेष

हुआ। कर्मवीर के संपादक एक भारतीय आत्मा प.माखनलाल चतुर्वेदी का त्रिवेदी जी के व्यक्तित्व निर्माण में काफी प्रभाव रहा। स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी एक निश्छल प्रकृति के सहज एवं स्वाभाविक पीर थे। इसलिए उनके लेखन में स्वतंत्र लेखन और मानव जीवन का समूचा दर्शन होता था। प्रकृति का सौंदर्य बोध उनके जीवन में छलकता था। उनकी अनगिनत साहित्यिक कृतियों में प्रकृति और मनुष्य के भावों का साक्षात्कार देखा जा सकता है। देश की आजादी और नवचेतना की मशाल लेकर चलने वाले स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी का संपूर्ण व्यक्तित्व राष्ट्र के उत्थान के प्रति समर्पित रहा। राष्ट्रशिल्पी स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी के जीवन के चार प्रमुख पड़ाव थे। पहला पड़ाव त्रिवेदी जी ने साप्ताहिक "अग्रदूत" में सहायक संपादक के रूप में काम किया और बाद में इसके सलाहकार संपादक बने। दूसरा पड़ाव उन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल के अनुरोध पर साप्ताहिक "महाकोशल" का संपादन किया और इस पत्र को लोकप्रियता के शिखर तक पहुंचाया। तीसरा पड़ाव त्रिवेदी जी मध्यप्रदेश सरकार के जनसम्पर्क अधिकारी रहे और उपसंचालक के पद से सेवानिवृत्त हुए। चौथा पड़ाव

उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को अपनी कविताओं में लिखा और कई प्रेरक रचनाएं लिखीं। उनकी कविता "तुम गए मिटे रह गई एक कहने को अमर कहानी है" बहुत प्रसिद्ध है। स्वतंत्रता आंदोलन के लिए 1942 का समय बहुत महत्वपूर्ण था। इस क्रांति काल में समाचार पत्र, पत्रिकाओं के तेवर देखते बनते थे। यही वो समय था जब रायपुर से श्री केशव प्रसाद वर्मा और श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने मिलकर साप्ताहिक 'अग्रदूत' का प्रकाशन किया था। 'अग्रदूत' ने फिरंगी हुकूमत को ललकारा और बग़ावत का बिगुल बजा दिया। ब्रिटिश सरकार को अग्रदूत के तेवर पसंद नहीं आए और और इसके संपादकों पर कड़ी निगरानी रखने लगे। 9 अगस्त 1942 को जब महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई तो अग्रदूत ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के चलते अंग्रेजों ने अग्रदूत के संपादकों श्री केशव प्रसाद वर्मा और श्री स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी के घरों की तलाशी ली और अग्रदूत पर सेंसर लगा दिया।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुछ करना है

कुछ करना है दुनिया में तो सर उठा के चल ओ कलम के योद्धा तू अक्षर उठा के चल कर दे सत्य के भेद उजागर रच दे एक इतिहास झूठ आडंबर दांत निपोरे करेगा जग परिहास पर हिम्मत के बादशाह तू नज़र उठा के चल ओ कलम के योद्धा तू अक्षर उठा के चल। अपनी बुद्धि औ' विवेक से बातें तोल के बोल तर्क कुतर्क से दूर ही रह पट संवादों के खोल दबे हुए कुचले लोगों के स्वर उठा के चल ओ कलम के योद्धा तू अक्षर उठा के चल। - **आरती कुमारी**

हम छत्तीसगढ़

हम छतीसगढ़ वासी अपने जंगल को तबाह कर देश के उद्योग महानगर को रोशन करेंगे देश के कथित बड़े राज्य के लोगों पता नहीं रहता छतीसगढ़ भारत मे कहाँ है दिल्ली कि फ्री बिजली छत्तीसगढ़ अपने ऑक्सीजन को जलाकर देते है और हम पुरे पैसे कि बिजली उपयोग करते है...

- **अंबर दानी।**

नेक नीयत से से लगा रहा

नेक नीयत से लगा रह, काम करता जा चला दूसरों का कर भला तो, तेरा भी होगा भला भूल मत परमात्मा को, साथ हरदम वो खड़ा करके अच्छा ज़िक्र ना कर फाड़कर कभी गला। - **जे डी कुदाल**

न तो भरे रंग ही उभरे और न ही किसी

न तो भरे रंग ही उभरे और न ही किसी की नज़रें टिकी उफ़्फ़ ! ये कैसी हमने अपनी तस्वीर बनाई लेकिन न तो मुक़द्दर पर हँसे और न ही रोनी सूरत बनाई अपनी ही रौ में बहते रहे और जीते रहे अपनी तन्हाई। - **रामकिशोर उपाध्याय**

यात्राएँ बदल सकती हैं पूरी

यात्राएँ बदल सकती हैं पूरी की पूरी जिंदगी जब कभी निकलो मन की यात्रा पर जालों को निकाल फेंकना मस्तिष्क के कटघरों से! - **सरिता खोवाला**

जी हाँ मैं स्त्री हूँ

जी हाँ, मैं स्त्री हूँ। इस समस्त सृष्टि की, समष्टि हूँ। मैं स्त्री, अपने आधे स से, साधती हूँ, तपस्या, महादेव की। अपने त्र पर, धारती हूँ, त्रिशूल, महादेव का। अपने त्र की, ई की मात्रा से, बनाती हूँ, ईश्वर,महादेव को । मेरा अस्तित्व, समाप्त होते ही, हो जाएंगे, अस्तित्वहीन, महादेव भी। - **अलका अग्रवाल**

यह क्या कि पहलू में शबाब लिय

यह क्या कि पहलू में शबाब लिये बैठे हो, वो आँखें क्या हुई ,जो शराब लिये बैठे हो तुम तो कहते थे इश्क में छू लोगे बुलँदियां, मगर तुम तो खाना खराब किये बैठे हो! इश्क़ अधूरी तमन्नाओं का नाम है , तुम हो कि सुनहरे ख्वाब लिये बैठे हो इश्क़ है तो दिल से महसूस करो इसको मगर तुम तो इश्क की किताब लिये बैठे हो साजे दिल पे कोई ताज़ा तराने छेड़ो तुम हो कि पुराना हिसाब लिये बैठे हो भुला भी दो अब दिल से माज़ी की कसक को, क्यूँ अपनी जान पे अज़ाब लिये बैठे हो । - **अनु मित्तल**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आपका आज के दिन का अधिकांश समय आराम से व्यतीत होगा। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में योगदान देने से यश एवं सम्मान की प्राप्ति होगी।

वृषः आज के दिन क्रोध अथवा अहम् की भावना बने बनाये कार्यो पर पानी फेर सकती है इसलिए ख़ास कर व्यावसायिक एव सामाजिक क्षेत्र पर विवेक पूर्ण व्यवहार रखे।

मिथुनः आपका आज का दिन शुभ रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्क : आज के दिन आपको प्रारब्ध अनुसार जितना मिले उसी में संतोष कर लेंगे। परन्तु फिर भी अंदरूनी तौर पर मन में कुछ ना कुछ कमी बनी रहेगी।

सिंह : आज के दिन आप ज्यादा मेहनत करने के पक्ष में नहीं रहेंगे परन्तु पुराने कार्यो अथवा कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बनाने में काफी परिश्रम करना पड़ेगा।

कन्याः आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज प्रातः काल में किसी परिजन से तकरार होने के कारण दिन भर मन खिन्न रहेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज दिन भर शारीरिक रूप से चुस्त बने रहेंगे।

वृश्चिकः आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय नौकरी में मनचाही उन्नति मिलने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे।

धनुः आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा। सेहत छोटी मोटी तकलीफों को छोड़ अनुकूल बनी रहेगी।

मकरः आपका आज का दिन सामान्य रहेगा लेकिन आज सेहत की अनदेखी करना आगे के लिये भारी पड़ सकता है।

कुंभः आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढेगा।

मीनः आज का दिन आपके अनुकूल बीतेगा। प्रातः काल से ही हर परिस्थिति पर आपकी पकड़ रहेगी।

सूर्योदय : 05:40, सूर्यास्त : 07:20, चन्द्रोदय : 10:05, चन्द्रास्त : 23:03,अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : आषाढ,पक्ष : शुक्ल, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी, योग : व्यतीपात, प्रथम करण : बालव (09:23 तक), द्वितीय करण : कौलव (21:46 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन,चंद्र : सिंह, मंगल : सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी),गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी),शुक्रः वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी),शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) वधावन ग्रीनफील्ड पोर्ट किस राज्य में विकसित किया गया है?
2) हाल ही में खबरों में देखे गए सोपस्टोन किस प्रकार की चट्टान है?
3) टाइफून मिसाइल सिस्टम किस देश द्वारा विकसित किया गया था?
4) एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की झील कौन-सी है?
5) आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफद ईयर 2024 के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) महाराष्ट्र (2) रूपांतरित चट्टान (3) संयुक्त राज्य अमेरिका (4) चिल्का झील (5) जसप्रीत बुमराह

शब्द सागर

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। शालाओं में नव प्रवेशी बच्चों को दाखिला दिलाने के लिए सभी शालाओं में जोर-शोर से कार्यक्रम चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरखी में शालाप्रबंधन विकास समिति की बैठक सोमवार को आयोजित किया गया बैठक सरपंच के मुख्य अतिथि में प्रारंभ हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तेल चित्र में पूजा अर्चना कर किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों को शाला की वार्षिक कार्य योजना एवं शासन द्वारा प्रदत्त छात्र-छात्राओं के लिए निशुल्क गणेश पाठ्य पुस्तक एवं अन्य शैक्षिक खेल सामग्री एवं पाठ्यवस्तु की जानकारी संस्था प्रमुख के द्वारा दिया गया समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा शाला परिसर में जल भराव को दूर करने के हेतु सरपंच को आवेदन किया गया इस सरपंच द्वारा शीघ्र ही मैदान समतली कारण करने का आश्वासन दिया गया कार्यक्रम की बैठक के अंत में उपस्थित समाज छात्राओं को पाठ्य पुस्तक अतिथि एवं सदस्यों के हाथों प्रदान किया गया । बैठक में ग्राम सरपंच श्रीमती ज्योति धृतलहरे शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सुदर्शन बंजारे उपाध्यक्ष महेंद्र यादव सचिव सरोज यादव , शिक्षक लेख राम ,साहू , राजेश शर्मा चंद्र शेखर वर्मा एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

अवैध प्लाटिंग एवं कालोनी निर्माण पर कार्यवाही करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सिमगा/नवप्रदेश। नगरपालिका सिमगा में हो रहे अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कालोनी निर्माण पर कार्यवाही संबंधित ज्ञापन कलेक्टर बलौदाबाजार को सौप कर रोक लगाने की मांग।

बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने आज सोमवार को कलेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी को ज्ञापन सौपते हुए नगर पालिका सिमगा में हो रहे अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कालोनी निर्माण पर रोक लगाने एवं इसकी उच्च स्त्रीय जांच कर वैधानिक कार्यवाही करने मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष अली ने बताया कि सिमगा नगर में भूमाफ़ियाओं द्वारा धडल्ले से अवैध प्लाटिंग कर कालोनी निर्माण किया जा रहा है। स्थल निरीक्षन उपरांत पाया गया कि भूमि की खरीदी बिक्री का कार्य टुकड़ो पर किया जा रहा है। जबकि नगरपालिका परिषद सिमगा द्वारा भवन निर्माण कि अनुग्या ही जारी नहीं की गयी है साथ ही मुलभुत सुविधा जैसे सड़क नाली बिजली की सुविधा भी नहीं दी गयी है। जिसकी जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिया जा चुका है जिसके अनुरूप दस लोगों को पंजीयन हेतु नोटिस दिया जा चुका है। लेकिन राजस्व विभाग सिमगा, नगरपालिका परिषद सिमगा एवं उप संचालक कार्यालय नगर निवेश बलौदाबाजार द्वारा अवैध कॉलोनियों पर अब तक कार्यवाही ना करना अवैध कालोनाइजर को बढ़ावा देना प्रतित हो रहा है।

उक्त मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, उपसंचालक नगर निवेश बलौदाबाजार, एसडीएम सिमगा, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिमगा से लगभग दो माह पुर्व में की गई थी लेकिन आज पर्यन्त तक किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। अली ने क्लेक्टर से जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही मामले की उच्च स्त्रीय जांच कर वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई तो बहुजन आंदोलन पार्टी उग्र आंदोलन करने को विवश होगी। जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। उन्होंने पुर्व में किये गए शिकायत कि छाया प्रति भी क्लेक्टर को सौपा है। उक्त मामले पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर सोनी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया।

महिला से गाली गलौज, जान से मारने की धमकी

महासमुंद/नवप्रदेश। एक महिला के साथ गाली-गलौज के मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पिथौरा के वार्ड नंबर 1 निवासी अनुसुईया पांडेय ने थाने में शिकायत की है कि 28 जून की सुबह 10 बजे वह घर में थी, उसी समय श्रद्धा पांडेय व उनकी बेटी रितिका घर खाली करो कहकर गाली -गलौज करने लगी, मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए स्वीपर कालोनी निवासी पिथौरा के सोनू को बुलाया, बाद सोनू ने भी गाली- गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

उपमुख्यमंत्री का स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के रविवार को नगर आगमन पर स्थानीय एकता चौक में भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक शहर मोर्चा अध्यक्ष नईम खान के नेतृत्व में स्वागत किया गया। अल्पसंख्यक मोर्चा से उन्होने कहा कि मुसलमान समाज को भी भाजपा से जोड़ें, हमारी पार्टी राष्ट्रवाद पर काम करती है। नईम खान को कार्यालय आने का न्योता दिया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा की फातिमा बेगम, अभिषेक डेनियल, मुस्लिम जमात के सदर हाजी जमील चौहान राजू, शेर मोहम्मद, नासिर खान, अनवर हुसैन, आशिफ धनवानी, फिरोज खान, शहीद भाई, हफीज भाई, तबरेज खान, शेख वाजिद, मीरजा आरिफ शेख जाहिद, जाहिद चौहान, शेख सुलेमान, सोहेल भाई, अमन, रजा भाई, सैफ चौहान, करफूराव आदि शामिल हैं।

घर घुसकर व्यक्ति को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम पतेरापाली के एक व्यक्ति के साथ मारपीट हो गई। यशवंत कुमार ओगरे ने पुलिस को बताया कि 27 जून की रात करीब 10 बजे माधव पांडे, सनीस पांडे व दीवान बघेल ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 118(1), 333 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

युवकों ने किया दाल व्यापारी पर हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा-बया मार्ग स्थित चंद्रपाल डड़सेना कॉलेज के पास रविवार सुबह दाल बेचने जा रहे डिपोपारा लहरौद निवासी मनहरण प्रजापति पर तीन अज्ञात युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक मनहरण प्रजापति वहां से मोपेड से गुजर रहे थे। कॉलेज के पास मैदान की ओर से बाइक पर सवार तीन युवक आए और आवाज देकर उन्हें रुकवाया। परिचित समझकर जैसे ही वे रुके, तभी तीनों ने तुम्हें बाइक चलाना नहीं आता कहकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान एक युवक ने कड़े से उनके सिर पर जोरदार वार किया, जिससे वे लहूलुहान हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद पिथौरा थाने पहुंचकर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

ई-केवायसी के आखिरी दिन 86 से अधिक रह गए शेष

- **ई केवायसी के बिना में राशन लेने में आ सकती है अड़चन**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में राशन कार्डधारियों को ई-केवायसी करना अनिवार्य है। ई-केवायसी कराने की आज आखिरी दिन रहा और अब तक शासन ने राशन कार्डो की ई- केवायसी को लेकर 4 बार तिथियां बढ़ाई है। इसके बावजूद जिले में अभी भी कुल 86 से अधिक सदस्यों का ई-केवायसी होना रह गया है। अगर बचे हुए सदस्यों की ई केवायसी नहीं होती तो उन्हे अगले माह से राशन लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इतने समय देने के बावजूद कार्डधारी रूचि नहीं दिखा रहे हैं। बता दें कि भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 'एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड' योजना के अंतर्गत जिले के समस्त राशनकार्डधारकों को खाद्यान्न प्राप्ति हेतु आधार प्रमाणीकरण (ई-केवायसी) अनिवार्य किया गया है। खाद्य विभाग के

अनुसार जिले में कुल 3,66,236 राशनकार्ड प्रचलन में हैं, जिनमें 11,57,858 सदस्य पंजीकृत हैं। अब तक 1071416 सदस्यों का ई-केवायसी (92.5 प्रतिशत) कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 86433 सदस्यों का ई-केवायसी कार्य शेष है। जबकि शासन ने राशनकार्ड के ई- केवायसी कराने चार बार तारीख बढ़ा चुकी है।

बावजूद जिले में अभी भी कुल 86 से अधिक सदस्यों का ई-केवायसी कार्य शेष है। बता दें कि भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 'एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड' योजना के अंतर्गत जिले के समस्त राशनकार्डधारकों को खाद्यान्न प्राप्ति हेतु आधार प्रमाणीकरण (ई-केवायसी) अनिवार्य किया गया है। खाद्य विभाग के अनुसार जिले में कुल 3,66,236 राशनकार्ड प्रचलन में हैं, जिनमें 11,57,858 सदस्य पंजीकृत हैं। अब तक 1071416 सदस्यों का ई-केवायसी (92.5 प्रतिशत) कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 86433 सदस्यों का ई-केवायसी कार्य शेष है। जबकि शासन ने राशनकार्ड के ई- केवायसी कराने चार बार तारीख बढ़ा चुकी है। जिले में सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में 95.4 प्रतिशत महासमुंद तहसील में ई केवायसी, बसना और सरायपाली में सबसे कम 91.4 प्रतिशत. ई-केवायसी हुई है। शहरी क्षेत्र में तुमगांव में सबसे अधिक 93.2 प्रतिशत वहीं सरायपाली में सबसे कम 77.6 प्रतिशत ई-केवायसी हुई है।

जिले में अब तक की स्थिति में ई-केवायसी (ग्रामीण) विकासखंड कुल सदस्य ई-केवायसी हुआ शेष प्रतिशत महासमुंद 232204 221649 10555 95.4% पिथौरा 233673 221314 12359 94.7% बागबाहरा 210659 198063 12596 94 %सरायपाली 175838 160838 15000 91.4% बसना 187222 171158 16064 91.4%कुल 1039596 973022 66574 93.5% शहर की स्थिति में ई-केवायसी नगरीय निकाय कुल सदस्य ई-केवायसी हुआ शेष प्रतिशत।

> जिले के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ई-केवायसी कार्य को जनजागरूकता के साथ अभियान के रूप में चलाया जा रहा है, ताकि शत-प्रतिशत पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ ले सकें। अभी तक शासन से ई केवायसी कराने की तिथि बढ़ाये जाने संबंधी कोई आदेश नहीं आया है।
>
> **अजय यादव,** जिला खाद्य अधिकारी

गरियाबंद व ग्रामीण क्षेत्र में उल्लास से मनाया माता पहुंचानी

गरियाबंद/ नवप्रदेश। असाढ़ माह में देवी शीतला मंदिरों में माता पहुचानी पूजा शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में काफी उल्लास के साथ मनाया गया।यह पर्व प्रत्येक वर्ष साल के आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष और महाप्रभु जगन्नाथ के रथयात्रा पर्व के बाद गुप्त नवरात्रि में मनाया जाता है।छत्तीसगढ़ की धरती त्यौहार और पर्वो की धरा मानी जाती है और यहाँ पर्व और त्यौहारों की कमी नहीं है।

इसी कड़ी में शीतला जुड़वास या माता पहुँचनी का विशेष महत्व होता है।माता शीतला का मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गाँव में होता है और इसे ग्राम देवी के नाम से जाना जाता है और मान्यता के अनुसार मुख्य रूप से गांवों में सुख-शांति और समस्त रोगों का निवारण का प्रतीक माना जाता है और इसकी पूजा से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

ग्रामीणों का मानना है कि इस माता पहुचानी के दिन अपने ऊपर तेल और हल्दी का घोल जो माता शीतला से उतारा जाता है उसे अपने ऊपर छिड़कवाने से बच्चों में पाए जाने वाली खसरा सेन्द्री जिसे ग्रामीण माता कहते है उस बीमारी के होने की संभावना नही होती।गरियाबंद क्षेत्र में इन दिनों शीतला मन्दिरो में माता शीतला में माता पहुचानी का पर्व प्रारम्भ हो चुका है।जिसमें ग्रामीणों द्वारा माता की पूजा अर्चना हो रही है और शीतला मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने पर पुलिस परिवार की ओर से ससम्मान दी विदाई

- **सैय्यद इरफानूल हयात को साल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह किया गया भेंट**

गरियाबंद/नवप्रदेश। आज दिनांक 31.06.2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, अति0 पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर, एस.डी.ओ.पी. गरियाबंद निशा सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक गोपाल वैश्य के साथ अन्य अधिकारीध्कर्मचारियों की उपस्थिति में सहा0 उप निरीक्षक सैय्यद इरफानूल हयात जी का पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने पर गरियाबंद पुलिस की ओर से शाल , श्रीफल, प्रतीक चिन्ह के साथ ससम्मान विदाई एवं सम्मान दिया गया।

सैय्यद इरफानूल हयात जी पुलिस विभाग में सन् 1991 में जिला रायपुर में पुलिस आरक्षक के पद पर नियुक्त हो कर सन् 2009 में प्र0 आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए साथ ही वर्ष 2021 बेहतर कार्य का प्रदर्शन करते हुए सहायक उप निरीक्षके पद पर पदोन्नत हो कर कार्य कर रहे थे।

नम्बर 2024 से आज दिनांक तक गरियाबंद जिले के साइबर टीम में पदस्थत रह कर अब तक सेवा दिये। अपने सेवा काल के दौरान पुलिस विभाग में ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठता के साथ अपनी सेवा दिये। जिससे गरियाबंद पुलिस परिवार उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

प्रतिबंध के बाद भी अवैध उत्खनन जारी चेन माउंटेन जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रतिबंध के बावजूद जिले में अवैध रूप से रेत उत्खनन जारी है। और दूसरी तरफ खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने खनिज विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। फिर भी संयुक्त टीम ने महासमुंद ब्लॉक के ग्राम कर्राडीह महानदी क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए एक चेन माउंटेन को जब्त किया।

वाहन को जब्त कर तुमगांव थाने के सुपुर्द किया गया है। खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन का आवश्यक बैठक गंडई रेस्ट हाउस में आयोजित

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की आवश्यक बैठक गंडई रेस्ट हाउस में दोपहर 2 बजे रखा गया। बैठक का मुख्य मुद्दा युक्तियुक्तकरन जिसमे एक ही परिसर में संचालित विभिन्न स्तर के स्कूलों को उच्च स्कूल के प्रभार में दिए जाने से होंने वाली परेशानियों को लेकर चर्चा करना और विरोध की नीति बनाना था।बैठक के दौरान बताया गया कि शाशन द्वारा बनाये गए नए नियम के अनुसार अब जो स्कूले एक ही परिसर में संचालित हो रहा है जैसे कि किसी ग्राम में एक ही जगह पर प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला संचालित हो रहा है तो दोनों स्कूल का प्रभार माध्यमिक शाला को मिलेगा इसी प्रकार जहां प्राथमिक शाला,माध्यमिक शाला और हायर स्कूल संचालित हो रहा है उसका प्रभार हायर स्कूल को मिलेगा एवम जहां प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हायर स्कूल एवम हायर सेकेंडरी स्कूल एक ही जगह पर संचालित हो रहा है उसका प्रभार हायर सेकेंडरी स्कूल को मिलेगा इस प्रकार के नियम बनाये जाने से भविष्य में शिक्षकों, पालकों, स्कूल के बच्चो सहित अन्यो को समस्या आनी है जैसे कि यदि किसी पालक को प्राथमिक शाला से सम्बंधित काम है तो उसे हायर सेकेंडरी स्कूल में जानकर कराना होगा जबकि उसे प्राथमिक शाला से काम है।इसी प्रकार शिक्षकों के पदों के अनुरूप उनकी जिम्मेदारी खत्म हो जाएगी और शिक्षा के स्तर में गिरावट आएगा।सबसे खास बातें 4 स्कूलों का प्रभार एक ही स्कूल में रहने से उस शिक्षक का कार्य और भी बढ़ जाएगा।इस दौरान तय किया गया कि सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही कड़े फैसले लेने की आवश्यकता है ।

महिला पर बायसन ने किया हमला, इलाज के दौरान मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा के जंगल में बायसन के हमले से घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिथौरा समीप के देवपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम नयाडीह निवासी एक महिला पर बायसन ने हमला कर दिया। उसे गंभीर अवस्था में रायपुर ले जाया गया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वह दो अन्य महिलाओं के साथ पास के जंगल में बकरी चराने गई थीं। देवपुर वन परिक्षेत्र के नयाडीह निवासी उर्मिला खड़िया (65) शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पास के जंगल के कक्ष क्रमांक 281 में बकरी चराने गई थीं। जहां बायसन के झुंड में से एक बायसन ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने घायल महिला को तत्काल पिथौरा भेजा, जहां प्रथम उपचार के बाद उच्च उपचार के लिए महासमुंद से रायपुर भेजा गया। जहां रविवार सुबह उक्त महिला की मौत हो गई।झुंड से निकल कर एक नर बायसन का महिला पर हमला करने की घटना असाधारण मानी जा रही है। आम तौर पर वन्य प्राणी विशेषज्ञ यह मानते हैं कि बायसन झुंड में रहते हमला नहीं करते बल्कि अकेले रहने पर ही यदा-कदा हमला करते हैं।

शिक्षा ही समाज और व्यक्ति के विकास की असली ताक़त : लालिमा ठाकुर

- **मालगांव स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव, नवप्रवेशी बच्चों का हुआ पारंपरिक स्वागत**

गरियाबंद/नवप्रदेश। विकासखंड गरियाबंद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालगांव में आज शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा पारस ठाकुर ने शिरकत की और बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

शाला प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए लालिमा ठाकुर ने कहा -शिक्षा ही समाज और व्यक्ति के विकास की असली ताक़त है। यह हमारे जीवन की बुनियाद है, जिसके माध्यम से हम न सिर्फ़ अपने भविष्य को सँवार सकते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव भी ला सकते हैं। उन्होने आगे कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ पोषणयुक्त भोजन, पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म और साइकिल जैसी सुविधाएं भी मुहैया करा रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा यात्रा सुगम बन रही है। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक विधि से स्वागत किया गया और उन्हें पुस्तकें, गणवेश और साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में बच्चों की खुशी और उत्साह देखते ही बन रही थी। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस आयोजन को प्रेरणादायक बताते हुए आयोजन समिति और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य नवप्रवेशी बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास जगाना है। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफके साथ-साथ जनप्रतिनिधि, पालकगण और ग्रामीणजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे भीम निषाद सदस्य जपं गरियाबंद ने कहा कि बच्चे देश और प्रदेश का भविष्य हैं ।

बैठक | **सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धिय का ब्यौरा सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया

भाटापारा/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ सोमवार को मंडल कार्यालय रायपुर में सौहाद्रपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में बृजमोहन अग्रवाल सांसद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

इस बैठक में बृजमोहन अग्रवाल , विजय बघेल ,भोजराज नाग , महेश कश्यप , रूपकुमारी चौधरी, रंजीत रंजन - सांसद/राज्य सभा सहित सांसदों के प्रतिनिधि- अरुण सिंह चौहान,सद्दाम सोलंकी एवं मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद, मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, तरुण प्रकाश ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को बेहतर करने में मिलेगा । बैठक में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों, यात्री सुविधाओं तथा विकासात्मक कार्यो का ब्यौरा सांसदों के समक्ष प्रस्तुत किया गया । इसी क्रम में दयानंद, मंडल रेल प्रबंधक ने रायपुर मंडल में यात्री सुविधाओं से संबन्धित किए जा रहे कार्य, आधारभूतसंरचना का विकास, अमृत भारत स्टेशनों पर जारी विकास कार्यों, गाड़ियों का क्षमता आवर्धन, वरिष्ठ व दिव्यांगजनों एवं महिलाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाएं जैसे अक्षिता सेफ बबल,मेरी सहेली अभियान आदि का विशेष उल्लेख करते हुए स्वच्छता अभियान, रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139, यात्री, संरक्षा, सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण आदि की विस्तृत जानकारी पॉवर पॉइंट के माध्यम से दी ।

रेलवे मंडल में हो रहे विकास कार्यों और उपलब्ध यात्री सुविधाओं को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने वाले सांसदों ने संतोष व्यक्त किया । उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित जन सरोकारों के मुद्दे उठाते हुए स्थानीय स्तर की समस्याओं और जनता की आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं के अनुरूप रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया । बैठक में विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, ट्रेनों की समयबद्धता, नई रेल सेवाओं की शुरुआत, मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन, ट्रेनों के ठहराव एवं विस्तार सहित स्टेशन पर उपलब्ध गुड्स शेड को स्थानांतरित कर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विकास करने व अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

महाप्रबंधक ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाएं एवं अपेक्षाओं से रेल प्रशासन को अवगत कराने एवं विकासात्मक सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया। महाप्रबंधक ने बैठक में उठाए गए मुद्दों तथा सुझावों को नियमानुसार प्राथमिकता के साथ पूरा करने के प्रति आश्वस्त किया। बैठक के अंत में उप महाप्रबंधक (सामान्य) समीर कान्त माथुर ने सुझाव देने तथा बैठक को सफल बनाने हेतु सभी सांसदों एवं सांसद प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया ।

■ न्यूज गैलरी

विस अध्यक्ष जिले के प्रवास पर विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

राजनांदगांव। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 1 जुलाई को दोपहर 1 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम परमालकसा पहुंचकर शाला प्रवेश उत्सव और भूमि-पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय राजनांदगांव में नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3.10 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। यह समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 5 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह और शाम 6.10 बजे गायत्री विद्यापीठ केसर नगर राजनांदगांव में युवा योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष शाम 7 बजे गायत्री विद्यापीठ केसर नगर राजनांदगांव से कार द्वारा स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

ग्रापं नेवारी का बोर 15 दिन से खराब

कवर्धा। ग्राम पंचायत नेवारी के वार्ड 9 में पिछले 15 दिनों से बोर बंद पड़ा है। इसके कारण आम लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम के संजय कुर्रे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द सुधार कार्य कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि बोर के पानी का उपयोग वार्डवासी पेयजल व निस्तारी के लिए करते हैं। खराब होने के कारण पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। संजय कुर्रे ने बताया कि ग्राम सरपंच को बुलाने व सुधार कराने के लिए बोलने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में मौखिक रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष व विधायक कार्यालय को सूचित किया जा चुका है।

एमसीपी लगाकर वाहन चेकिंग

राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। दुपहिया और चौपहिया वाहन सवारों पर नजर रखने और शराब, मादक पदार्थों के साथ अन्य सामग्रियों की रोकथाम करने वाहनों की चेकिंग की गई। कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिये थाना लालबाग, सोमनी छुरिया, गैंदाटोला, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और पुलिस चौकी चिखली, सुरगी, तुमड़ीबोड़, सुकुलदैहान, चिचोला व यातायात पुलिस द्वारा रात्रि 8 से 12 बजे तक आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहनों की जांच की गई।

कोईलार नहर निर्माण की कांक्रीटिंग उखड़ी

गड़बड़ी छिपाने पहले क्लीन चिट दी, अब विभाग ने माना-नहर निर्माण में हुई गड़बड़ी

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के पैलीमेटा में जलसंसाधन विभाग द्वारा बनाए जा रहे कोईलार नाला से पैलीमेटा तक 2550 मीटर नहर निर्माण में शिकायत के बाद अब विभाग ने निर्माण कार्य में गडबड़ी को स्वीकार कर लिया है। एक करोड़ 79 लाख रु की लागत से निर्माणाधीन नहर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और गडबड़ी की शिकायत पूर्व जिपं सदस्य ममता पाल ने की थी।

जल संसाधन विभाग के ईई ने प्रतिवेदन में नहर निर्माण में गडबड़ी होने की पुष्टि की है। ठेकेदार द्वारा आनन फानन में किये गए रिपेयरिंग को जेसीबी से तोड़ने और नवनिर्माण कराने के आदेश की जानकारी भी दी गई है। गौरतलब है कि इससे पहले विभाग ने अपनी रिपोर्ट में निर्माण कार्य को पूरी तरह ओके बताया था।

जानकारी के अनुसार दो सौ मीटर से अधिक लंबी नहर में हुए कांक्रीटिंग का कार्य पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। शिकायतकर्ता ममता पाल को दिए गए जवाब में विभाग ने निर्माण कार्य में नहर निर्माण कार्य पूर्ण मापदंड के अनुसार होने की जानकारी दी है। लाइनिंग कार्य में आरसीसी का प्रावधान न होने का हवाला देकर क्रांकीट कार्य निर्धारित

मापदंड के अनुसार करने और इसकी टेस्ट रिपोर्ट भी दी गई।

अफसरों ने स्वीकार किया है कि नहर निर्माण मे फिलिंग रीच में अर्थ सेटलमेंट मे मामूली हेयर क्रेक लाइनिंग में हुए थे। ठेकेदार द्वारा रिपेयरिंग का काम किया गया। विभाग द्वारा रिपेयरिंग कार्य को तोड़कर दोबारा क्रांकीटिंग करने के आदेश दिए गए हैं। जो स्ट्रक्चर अच्छी स्थिति में है, उसकी रिपेयरिंग कराई जा रही है। जर्जर स्ट्रक्चर की रिपेयरिंग न होने का हवाला देकर दोबारा निर्माण कराने कहा गया है।

शिकायत के बाद जागे अफसर, पहले दे दी क्लीनचिट

इस मामले में विभागीय अधिकारी शुरू से भ्रष्टाचार छिपाने के लिये लीपापोती में जुटे रहे। नहर लाइनिंग कार्य में निर्माण के बाद भ्रष्टाचार की शिकायत होने पर कार्यवाही से बचने आनन फानन में रिपेयरिंग कराई गई। प्रशासनिक अधिकारियों की फटकार के बाद उखाड़ा गया। इस मामले में जल संसाधन विभाग के ईई वीरेन्द्र नेताम और एसडीओ केके द्विवेदी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने काल रिसीव नहीं किया।

शिकायत के बाद मामले को रफादफा करने का प्रयास विभागीय अफसर कर रहे है। पहले ही परीक्षण रिपोर्ट देकर भ्रष्टाचार कर लिया गया था। अब कार्यवाही से बचने इसकी जानकारी दी गई है। मामले में शांत नही बैठेंगे।
ममता पाल-पूर्व जिपं सदस्य

जिले के खिलाड़ियों ने 21 वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीते 14 पदक

कवर्धा/नवप्रदेश। 21 वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कबीरधाम जिले के खिलाडियों ने कुल 14 पदक अर्जित किए हैं। इनमें 2 स्वर्ण, 4 रजत और 8 कांस्य पदक शामिल हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर आज जिले के विजेता खिलाडियों को उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे कबीरधाम जिले के साथ ही प्रदेश का भी मान बढ़ा है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाडियों को प्रोत्साहन देने के लिए संकल्पित है, और भविष्य में भी सभी आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण व सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी ताकि राज्य के युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इन खिलाडियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन की भावना

अनुकरणीय है।

कबीरधाम जिले से प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि वे इसी तरह मेहनत करते रहे, तो आने वाले वर्षों में वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कबीरधाम और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे।

खिलाडियों की इस शानदार उपलब्धि के पीछे आर्मी ग्रुप के कोच सुनील सरोज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने खिलाडियों को कठिन प्रशिक्षण व मार्गदर्शन देकर इस मुकाम तक पहुँचाया। खिलाडियों ने भी उपमुख्यमंत्री के सहयोग व प्रोत्साहन के प्रति आभार व्यक्त किया। कोच सुनील सरोज ने बताया कि कबीरधाम जिले में एथलेटिक्स के क्षेत्र में लगातार प्रतिभाएं उभर रही हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के सहयोग और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफलता से अन्य युवा भी खेलों की ओर आकर्षित होंगे।

इन खिलाडियों ने बढ़ाया जिले का मान

प्रतियोगिता के 400 मीटर दौड़ में मनीषा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेहा ने दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। 5000 मीटर दौड़ में निशि ने तीसरा स्थान हासिल किया। 3000 मीटर दौड़ में लाला सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 4 इन टू 100 मीटर दौड़ में पप्पू, पंकज, सनत और दिनेश की टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। निखिल और नीलम की जोड़ी ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। वेक चेस्ट प्रतिस्पर्धा में चंद्रभान ने तीसरा स्थान, भाला फेंक में विशाल ने दूसरा स्थान, डीएसीए स्पर्धा में पारस ने प्रथम स्थान, और नेमीष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जल्द बनेगा हाईटेक बस स्टैंड : नपा अध्यक्ष

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर में जल्द ही नए हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण होगा। यहां अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बस स्टैंड के निर्माण को लेकर कलेक्टर, अपर कलेक्टर और एसडीएम के साथ चर्चा की। हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। बेमेतरा जिले के बस स्टैंड पर हर दिन 100 से ज्यादा बसों का आवागमन होता है। रायपुर-जबलपुर, बेमेतरा-कानपुर, दुर्ग-भिलाई, भाठापारा की बसें शामिल हैं। जिला बनने के बाद बसों में और बढ़ोतरी हो गई, लेकिन बस स्टैंड छोटा होने की वजह से लंबे रूट की कई बसें बस स्टैंड नहीं आ रही हैं। नए बस स्टैंड निर्माण होने पर एक साथ 8 बसें खड़ी हो सकेंगी। लोगों को ज्यादा सुविधा मिलेगी।

इसके अलावा गार्डन और पुराने पशु अस्पताल का अधिग्रहण भी किया जाएगा। नया बस स्टैंड करीब 3 एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल में बनना तय है। पालिका के पास जमीन कम होने के कारण बस स्टैंड से सटे गार्डन का अधिग्रहण किया जाएगा। पुराने पशु अस्पताल को तोड़कर बस स्टैंड का विस्तार किया जाएगा।

एक पेड़ मां के नाम अभियान : दीपेश ने किया पौधरोपण

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में कंतेली ग्राम पंचायत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम के दौरान अमरूद का पौधा रोपित कर हरियाली को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति का रिश्ता बेहद आत्मिक होता है। मां जीवन देती है और पेड़ स्वच्छ हवा, फल और छाया देकर हमारे जीवन को सुरक्षित बनाते हैं। यह अभियान बच्चों के भविष्य को सुरक्षित, हरा-भरा और स्वास्थ्यप्रद बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। सरकार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरणीय चेतना को जन आंदोलन में बदलने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणजनों से अभियान से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान देने की अपील की। इस कार्यक्रम में सरपंच महावीर वर्मा, रेवाराम निषाद, धर्मेंद्र साहू, उप-सरपंच नीलू, चम्पेश्वर वर्मा, परस वैष्णव, कंतेली सोसायटी अध्यक्ष भागीरथी साहू, टोपसिंह वर्मा थे।

नाबालिग से दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा। थाना झलमला क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका के अपहरण और उसके साथ दैहिक शोषण के प्रकरण में पुलिस ने आरोपी युवक को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस थाने में 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस द्वारा तकनीकी सहायता से आरोपी की पहचान रोहित यादव पिता कृष्णा यादव उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम डोगरिया चौकी साल्हेटेकरी जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) के रूप में की गई।

गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में लाभ संतृप्ति शिविर आज से

बालोद/नवप्रदेश। धरती आबा जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय जागरूकता सह लाभ संतृप्ति अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जिले के गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में 1 से 15 जुलाई तक लाभ संतृप्ति अभियान के शिविर आयोजित किये जाएंगे। ग्राम डोकला में 1 जुलाई, बोहारडीह में 2 को, खैरडीगी में 3, कपरमेटा में 4, अर्जुनी में 7, चिरचारी में 8, बगदई में 9, नारागांव में 10, पोड़ में 11, कोचवाही 14 और बड़भूम में 15 जुलाई को लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। लाभ संतृप्ति अभियान के तहत शिविर के सफल संचालन के लिये नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। ग्राम डोकला शिविर के लिये त्रिवेणी गंजीर, बोहारडीह शिविर के लिए भरत पटेल और खैरडीगी शिविर के लिए कौशल चंदन को सहायक नोडल अधिकारी और मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास कोचवाही मन्नम राणा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ग्राम कपरमेटा में आयोजित शिविर के लिए आदिवासी बालक छात्रावास बड़भूम जीके सुधाकर को नोडल अधिकारी और शर्मिला जैन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अर्जुनी और चिरचारी में आयोजित शिविर के लिए मनीष मंडावी और बगदई शिविर के लिए लीलाबंर बंजारे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बड़भूम दानेश्वर वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नारागांव में आयोजित शिविर में आदिवासी बालक छात्रावास बड़भूम जी के सुधाकर को नोडल अधिकारी और यशवंत नेताम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पोड़ में शिविर के लिए योगेश साहू और कोचवाही शिविर के लिए अंबिका कुंजाम को सहायक नोडल अधिकारी व आदिवासी बालक छात्रावास कोचवाही मन्नम राणा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बड़भूम में शिविर के लिए श्री आदिवासी बालक छात्रावास बड़भूम जीके सुधाकर को नोडल अधिकारी और धर्मेश मण्डावी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन टेड़ेसरा में न्यूलुक बॉयोफ्यूल्स कंपनी ने अवैध तरीके से बिछाई 5 कि.मी. पाइपलाइन

जलसंसाधन व पीडब्लूडी के जिम्मेदार अफसरों पर सख्त कार्यवाही जरुरी : मुदलियार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सोमनी क्षेत्र के ग्राम फुलझर स्थित न्यू लुक बायोफ्यूल्स कंपनी द्वारा पाइपलाइन बिछाने में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए इस मामले में जिम्मेदार अफसरों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में ग्राम पंचायत टेड़ेसरा, कोपेडीह सरपंचों को बर्खास्त कर गैर जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। फैक्ट्री के मालिक और प्रबंधक पर भी अवैध तरीके से पाइपलाइन

बिछाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। मुदलियार ने कहा कि शासन-प्रशासन को जनता का प्रजातंत्र में विश्वास मजबूत बनाए रखने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा ग्रामीणों को फंसाने की धमकी देने का प्रयास किया जा रहा है। टेड़ेसरा के ग्रामीणों के साथ ज्ञापन देने पहुंचे मुदलियार ने कहा कि यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। अवैध तरीके से 5 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछा दी गई है और जल संसाधन विभाग और लोक निर्माण विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। इस मामले में उनकी संलिप्तता की जानकारी सामने आ रही है। इसकी भी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि फैक्ट्री तक पाइपलाइन बिछाने के लिये ग्राम पंचायत की अनुमति लिए बिना ही कार्य प्रारंभ कर दिया गया, जो कि पूरी तरह से अवैध है। वायरल ऑडियो में भाजपा मंडल अध्यक्ष व टेड़ेसरा सरपंच खिलेश्वर साहू और कोपेडीह सरपंच द्वारा कंपनी से रुपये लेने की बात सामने आ रही है। दोनों ही पंचायतों के सरपंचों की मौन सहमति और मिलीभगत से यह कार्य कराया गया है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। इस दौरान मुदलियार के साथ राजिक सोलंकी, राकेश चंद्राकर, पार्षद अमित कुशवाहा, पूर्व सरपंच देवलाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

उपमुख्यमंत्री से राजस्व कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कबीरधाम प्रवास के दौरान कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की जिला इकाई द्वारा तहसीलदारों एवं राजस्व अमले को फील्ड स्तर पर कार्य करते समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सीमित कर्मचारी संसाधनों और तकनीकी उपकरणों की कमी जैसी चुनौतियों के बावजूद अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं तत्परता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। संघ ने आग्रह किया कि इन जमीनी समस्याओं के निराकरण

से प्रशासनिक कार्यों में अधिक पारदर्शिता, गति और गुणवत्ता लाई जा सकती है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों की सेवा भावना और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र उचित निर्णय लिया जाएगा। शासन आमजन को त्वरित और प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

शेष खबरो के लिए

कृषक उन्नत योजना का ...

के रूप में विकसित होगा तथा निर्यात अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राज्य के कुछ कानूनों के प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण करने के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जन विश्वास विधेयक से व्यवसाय व जीवनयापन में सहजता बढ़ेगी। अनावश्यक न्यायालयीन प्रकरणों और उनमें होने वाले व्यय में कमी आएगी। मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के विभिन्न विभागों/ निगम/ मण्डल/ कम्पनी/ बोर्ड के पूर्व निर्मित एवं जर्जर भवनों तथा इनके स्वामित्व की अनुपयोगी शासकीय भूमि के व्यवस्थित विकास और सदुपयोग के लिए रिडेव्हलपमेंट योजना अंतर्गत 7 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इसमें शांति नगर रायपुर, बीटीआई शंकर नगर रायपुर, कैलाश नगर राजनांदगांव, चांदनी चौक फेस-2 जगदलपुर, सिविल लाइन कांकेर, क्लब पारा महासमुंद, कटघोरा कोरबा शामिल हैं।

निवेश के लिए आकर्षित...

वनौषधि उत्पाद के निर्यात हेतु इको सिस्टम तैयार होगा। यह पॉलिसी राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी साथ ही राज्य को लॉजिस्टिक्स एवं निर्यात क्षेत्र में एक अग्रणी भूमिका में स्थापित करेगी।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ...

खनिज और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कुछ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने कहा, प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के निमंत्रण पर श्री मोदी 3-4 जुलाई, 2025 से त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह श्री मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली यात्रा है, और 1999 के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद और टोबैगो की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। यह यात्रा एक उपयुक्त समय पर हुई है, क्योंकि इस वर्ष, 2025 में, देश त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय प्रवासियों के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने की याद में है। बताया गया है कि वर्तमान में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों भारतीय मूल के हैं, संयोग से, दोनों महिलाएं हैं, दोनों वकील हैं, और दोनों को अपनी भारतीय जड़ों और विरासत पर गर्व की गहरी भावना है, और वे खुद को भारत की बेटियों के रूप में वर्णित करते हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास ...

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की सुदृढ़ता और मजबूत पूंजी बफर, कई दशकों में सबसे कम एनपीए अनुपात और मजबूत आय से संभव हुई है।

फंड और क्लियरिंग कॉर्पोरेशन की मजबूती

केंद्रीय बैंक के मुताबिक, मैक्रो स्ट्रेस टेस्ट के परिणाम पुष्टि करते हैं कि अधिकांश एससीबी के पास प्रतिकूल तनाव परिदृश्यों के तहत भी विनियामक न्यूनतम की तुलना में पर्याप्त पूंजी बफर है। स्ट्रेस टेस्ट म्यूचुअल फंड और क्लियरिंग कॉर्पोरेशन की मजबूती को भी मान्यता देते हैं।

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) बड़े पूंजी बफर, मजबूत आय और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता के साथ स्वस्थ बनी हुई हैं। बीमा क्षेत्र का कंसोलिडेटेड सॉल्वेंसी अनुपात भी न्यूनतम सीमा से ऊपर बना हुआ है।

आरबीआई के अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है।

सरकार राष्ट्रीय सहकारी....

पहले बहुत दूरदर्शिता के साथ सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई। शाह ने कहा कि हमें संवेदनशीलता के साथ देश के करोड़ों छोटे किसानों और ग्रामीणों के कल्याण के लिए सहकारिता को पुनर्जीवित करना ही होगा क्योंकि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। शाह ने कहा कि इस चिंतन और मंथन से तभी भला हो सकता है जब देश के 140 करोड़ लोग रोजगार प्राप्त कर परिश्रम के साथ अपना जीवन व्यतीत करें और इसे सफल बनाने के लिए सरकार ने 60 पहल की हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से एक महत्वपूर्ण पहल है राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का निर्माण जिसकी मदद से हम कमियां ढूंढ सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस इसीलिए बनाया गया है कि राष्ट्रीय, राज्य, ज़िला और तहसील स्तर की सहकारी संस्थाएं मिलकर ये देख सकें कि किस राज्य के किस गांव में एक भी सहकारी संस्था नहीं है।

दस्तावेज गायब होने के मामले ...

निर्देश भी दिये। इस मामले में तहसीलदार ने तत्कालीन तहसीलदार और तत्कालीन पटवारी को पत्र जारी कर दस्तावेज के संबंध में जानकारी मांगी। दोनों से लिखित जवाब मांगा गया।

पटवारी ने दिया स्पष्टीकरण - ये तहसीलदार न्यायालय का मामला, दस्तावेज भी वहीं मिलेंगे

इस मामले में तत्कालीन पटवारी राजेश बंजारी ने अपने जवाब में कहा है कि तत्कालीन तहसीलदार जयंत बघेल ने फर्द बंटवारा नामांतरण पंजी में पेश करने के निर्देश दिये। इसके परिपालन में फर्द बंटवारा खातेदारों की सहमति से तैयार किया गया और न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तत्कालीन तहसीलदार ने नामांतरण पंजी में दर्शित फर्द बंटवारा को स्वीकार कर अभिलेख दुरुस्ती करने का आदेश पारित किया। आदेश के पालन में अभिलेख सुधार किया गया। पृथक से फर्द बंटवारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इश्तिहार प्रकाशन, फर्द रिपोर्ट, शपथ पत्र आदि की कार्रवाई तत्कालीन तहसीलदार द्वारा की गई है। इसी वजह से सारे दस्तावेज पटवारी कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।

पीएमओ में शिकायत के 3 महीने बाद भी जांच अधिकारी का अता-पता नहीं-दुर्ग में कुल 135 करोड़ के रेल लाइन मुआवजा घोटाले की जांच के लिये 30 मार्च को पीएमओ में शिकायत की गई। पीएमओ द्वारा कंसर्न ऑफिसर के रूप में प्रकाश टंडन को नियुक्त किया गया। तहसीलदार प्रकाश टंडन 7 साल पहले डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नत हो चुके हैं। वर्तमान में वे राजनांदगांव में पदस्थ हैं। पीएमओ को कंसर्न आफिसर की पदोन्नति के संबंध में अवगत कराने के बाद भी नए जांच अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसके कारण दुर्ग में रेललाइन मुआवजा घोटाले की जांच भी शुरू नहीं हो पाई है।

■ न्यूज गैलरी

इस्कॉन रथयात्रा का शानदार आयोजन

दुर्ग। इस्कॉन प्रचार केन्द्र दुर्ग द्वारा भगवान श्री श्री जगन्नाथ की विशाल भव्य रथयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस्कॉन मंदिर रायपुर के अध्यक्ष एचएच सिद्धार्थ स्वामी महाराज द्वारा विशेष कथा श्रवण और हरिनाम के महत्व व प्रचार के संबंध भक्तों से चर्चा की। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ और गौर निताई को 501 भोग अर्पण किया गया। मुख्य आकर्षण के रूप में क्रेन द्वारा 56 भोग अर्पण, गौर आरती, 1008 दीप से महाआरती, नृत्य कार्यक्रम और भव्य हरिनाम कीर्तन के साथ ही यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर इस्कॉन दुर्ग पर समाप्त हुई। भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। यात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरूण वोरा और पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम इस्कॉन दुर्ग के प्रभारी अनंत श्याम दास की अध्यक्षता व निर्देश पर संपन्न कराया गया।

साइंस कालेज के प्रो. चटर्जी 40 साल की सेवा के बाद हुए रिटायर

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. सुकुमार चटर्जी 40 वर्षों की लंबी शासकीय सेवा के बाद आज सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में महाविद्यालय के रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह की मौजूदगी में प्रो चटर्जी को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्टॉफक्लब की डॉ. ज्योति धारकर ने किया। प्रो. चटर्जी ने महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग को उपहार के रूप में एक एयर कंडीशनर भेंट किया। इस अवसर पर प्रो चटर्जी की पत्नी गोपा चटर्जी, दोनों पुत्रियां व दामाद भी उपस्थित थे।

दिशा की बैठक 3 जुलाई को

दुर्ग। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में 3 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 3.30 बजे आयोजित की गई है। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अन्त्योदय, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य, पीएम ग्राम सड़क, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, पीएम आवास ग्रामीण, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सांसद आदर्श ग्राम योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

किसानों को तत्काल खाद-बीज उपलब्ध कराने ब्लॉक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

कुम्हारी/नवप्रदेश। खरीफ फसल की बुवाई शुरू होते ही किसानों को खाद-बीज की अनुपलब्धता का सामना करना पड़ रहा है। ब्लॉक काँग्रेस कमेटी कुम्हारी ने सोमवार को सेवा सहकारी समिति पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम भिलाई-3 तहसीलदार पवन ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों को तत्काल खाद-बीज उपलब्ध कराने की मांग की गई है। डीएपी खाद की जगह एनपीके खाद दिए जाने पर चिंता जताई गई है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों ने खरीफफसल की बुवाई शुरू कर दी है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद-बीज उपलब्ध नहीं है। विशेष रूप से डीएपी खाद की अनुपलब्धता के कारण किसान परेशान हैं। इसके स्थान पर किसानों को एनपीके खाद दिया जा रहा है। धान की फसल को फास्फोरस की अधिक आवश्यकता होती है और एनपीके खाद में फास्फोरस की मात्रा कम होती है, जिससे धान की पैदावार में तीस प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। काँग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर षड्यंत्र पूर्वक डीएपी खाद को बंद कर किसानों को नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से खाद-बीज की अनुपलब्धता और कम पैदावार वाले खाद बांटे जाने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए डीएपी खाद और बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। राजपूत ने कहा कि किसी भी सोसाइटी में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं है। इधर, सेवा सहकारी समिति कुम्हारी के प्राधिकृत अधिकारी मनोज वर्मा का कहना है कि कुम्हारी सेवा सहकारी समिति में किसी भी खाद की कोई कमी नहीं है और उनके पास भरपूर मात्रा में खाद उपलब्ध है। ज्ञापन सौंपने से पहले काँग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण धरना दिया। प्रदर्शन में पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मनहरण यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, महेश सोनकर, पार्षद जानकी ध्रुव, पार्षद लेखराम साहू, पार्षद विकास सोनकर, पार्षद डिकेंद साहू, फुसनू कुर्रे, विजय वर्मा, प्रकाश गज्जर, दिलीप चौधरी, विनोद साहू, राम गोपाल सिन्हा व देवा साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीएसपी ने किया प्लेन वॉयर रॉड का रोल-आउट व डिस्पैच

■ कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने उपलब्धि को संभव बनाने में योगदान देने वाले सभी सहायक विभागों की सराहना की।

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की वायर रॉड मिल ने 27 जून को उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए ईएम 12 ग्रेड के प्लेन वायर रॉड का सफलतापूर्वक रोल-आउट और डिस्पैच किया।

यह माइलस्टोन प्लांट के प्लेन कॉइल पोर्टफोलियो में एक विशेष उत्पाद को जोडने का प्रतीक है, जो तकनीकी नवाचार और ग्राहक-विशिष्ट आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेही दोनों को दर्शाता है। ईएम 12 के एक मध्यम-मैंगनीज मिश्र धातु वायर रॉड है जिसे सबमर्ज्ड आर्क वेल्डिंग (एसएडब्लू) अनुप्रयोगों के लिए विकसित किया गया है। यह वेल्डिंग वायर विशेष रूप से कार्बन और कम मिश्र धातु वाले स्टील के लिए उपयुक्त है, जो जंग या मिल स्केल से प्रभावित कार्य सतहों पर भी कम छिद्र के साथ वेल्ड का उत्पादन करने का लाभ प्रदान करता है।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने वायर रॉड मिल की टीम को उनके तकनीकी प्रयासों के लिए बधाई देते हुए इस उपलब्धि को संभव बनाने में योगदान देने वाले सभी सहायक विभागों की सराहना की।

मुख्य महाप्रबंधक (मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल) एमके गोयल ने टीम के अभिनव कार्यों की सराहना करते हुए इसे संयंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

कलेक्टर जनदर्शन में 110 आवेदन

ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग, किसान बोले- ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाएं, सिंचाई में हो रही परेशानी

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं का समुचित समाधान करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने कहा। जनदर्शन के दौरान डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 110 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम बोड़ेगांव के कृषकों ने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने आवेदन दिया। कृषकों ने बताया कि गांव में ननकट्टी विद्युत मंडल के अंतर्गत 25 किलोवाट क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा है। बढ़ते स्थायी और अस्थायी कनेक्शनों के कारण बार-बार खराब हो जाता है। इससे सिंचाई कार्य में बाधा हो रही है। किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता 25 एचपी से बढ़ाकर 63 एचपी करने की मांग की है। पूर्व में भी विद्युत विभाग को आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। कलेक्टर ने इस पर विद्युत विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायत खोपली के वार्ड 18 के निवासियों ने अवैध अतिक्रमण की शिकायत की। उन्होंने बताया कि गली पर अवैध निर्माण कर लिया गया है, जिससे गली की चौड़ाई 12 फीट से घटकर मात्र 3 फीट रह गई है। ट्रैक्टर और अन्य चार पहिया वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो रही है। कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को मौके का निरीक्षण कर कार्यवाही करने कहा।

ग्राम मातरोडीह के किसानों ने शिकायत की कि पावर ग्रिड कंपनी द्वारा गांव में टॉवर और विद्युत तारों का विस्तार किया गया है, जिससे उनकी जमीन प्रभावित हुई है। अभी तक उन्हें मुआवजे की राशि प्राप्त नहीं हुई है। किसानों ने मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने एसडीओ दुर्ग को मामले की जांच कर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने हेतु उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

शिक्षित युवा कर सकते हैं समाज और राष्ट्र का निर्माण : चंद्राकर

भिलाई/नवप्रदेश। ग्राम थनौद स्थित शा.उ.मा. विद्यालय में देवांगन समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों और समाज में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। दुर्ग ब्लॉक देवांगन समाज के तत्वावधान में आयोजित समारोह व कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। चंद्राकर ने कहा कि समाज का युवा शिक्षित, जागरूक और संगठित हो, तो समाज के उत्थान के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। देवांगन समाज अपने मजबूत पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों के लिए जाना जाता है। देवांगन समाज ने सदैव शिक्षा, सेवा, स्वावलंबन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम में दुर्ग जिला देवांगन समाज अध्यक्ष पुराणिक राम देवांगन, भिलाई इस्पात संयंत्र की सहायक महाप्रबंधक प्रीति देवांगन, प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के उपाध्यक्ष पोषणलाल देवांगन, जपं अध्यक्ष उपस्थित थे।

हेमचंद विवि दुर्ग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से नई शिक्षा नीति लागू हो चुकी हैं। नई शिक्षा नीति 2020 को धरातल पर लागू करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में किया गया। कार्यशाला में जेनरिक इलेक्टिव, डिसिप्लिन स्पेसिफिक्र इलेक्टिव, वैल्यू एडेड कोर्स व स्किल एन्हांसमेंट कोर्स और एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स, सतत आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया व महत्व, सेमेस्टर वार प्रोन्नति नियम के संबंध में गहन जानकारी दी गई। दुर्ग के कुलपति प्रो. (डॉ) संजय तिवारी ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 न केवल भारतीय ज्ञान प्रणाली को अपने भीतर समाहित करती है, बल्कि आज की युवा पीढ़ी को संवेदनशील, उत्पादक और नवाचारी बनाने के लिए प्रयासरत है। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह के अलावा क्षेत्रीय कार्यालय, दुर्ग, अपर संचालक, डॉ. राजेश पांडे, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने भी उद्बोधन दिया। धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने दिया।

आयुक्त ने उद्यान का निर्माण जल्द पूरा करने दिए निर्देश, सफाई कार्य का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जोन 1 नेहरू नगर वार्ड 2 जुनवानी दीनदयाल कॉलोनी, स्मृति नगर और त्रिवेणी नगर में उद्यान विकास कार्य का निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड पार्षद मुकेश अग्रवाल भी मौजूद रहे। निर्माणाधीन उद्यान का जायजा लेते हुए कमिश्नर ने सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा को निर्देशित करते हुए उद्यान का निर्माण कार्य अतिशीध्र पूर्ण कराने और कार्य की गुणवत्ता बनाये रखते हुए वृक्षारोपण का कार्य कराने कहा। जुनवानी रोड स्थित जाम नाले के ऊपर से स्लैब हटवाकर सफाई कराने जोन आयुक्त अजय राजपूत व सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को निर्देशित किया गया। ताकि बारिश के पानी की निकासी आसानी से हो सके और कहीं भी जल भराव की स्थिति न बने। दीनदयाल तालाब का अवलोकन करते हुए, फूड जोन का निर्माण वं सौंदर्यीकरण कराने सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया। वार्ड 4 शिवाजी चौक से एसएलआरएम सेंटर तक सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये।

जिले में अब तक 103.7 मिमी वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में 1 जून 2025 से 30 जून 2025 तक 103.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 207.0 मिमी पाटन में तथा न्यूनतम 65.9 मिमी. धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा दुर्ग में 89.7 मिमी, अहिवारा में 92.4 मिमी, भिलाई 3 में 92.6 मिमी और बोरी में 74.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 30 जून को दुर्ग में 11.8 मिमी, तहसील धमधा में 5.2 मिमी, तहसील पाटन में 33.2 मिमी, तहसील बोरी में 5.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 9.2 मिमी और तहसील अहिवारा में 7.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

मोहर्रम | **जगह-जगह हो रही तकरीर, ताजिये भी बन रहे**

जिक्रे शोहदाए कर्बला का दस दिवसीय प्रोग्राम जारी

भिलाई/नवप्रदेश। कर्बला के शहीदों की याद में मस्जिदों और अन्य जगहों पर तकरीर जारी है। शहर में अलग-अलग जगहों पर ताजिया भी बनाए जा रहे हैं। इधर, अखाड़ा कमेटियों के बैनर तले नौजवान अखाड़े के करतब सीख रहे हैं। जिन स्थानों पर तकरीर हो रही है, वहां फातिहा ख्वानी के बाद लंगर तक्सीम किया जा रहा है। कमेटी कैम्प - 1 की ओर से मुहर्रम के 10 रोजा प्रोग्राम जारी है।

कारीगर ताजिया बनाने में जुटे हैं। ताजिया चौक पर यहां रोजाना फातिहा ख्वानी के बाद लंगर तकसीम किया जा रहा है। यहां 3 जुलाई को सभी घरों से मन्नतों का परचम लाया जाएगा और रात में साक्षरता चौक के सामने स्थित कर्बला मैदान से मिट्टी लाने लोग जाएंगे। यहां तैयार होने वाले ताजिए की सात, 9 और 10 मुहर्रम को शहर के जुलूस में लोगों की भागीदारी रहेगी। एनकेडी ग्रुप के नौजवान मुहर्रम के तमाम आयोजनों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

हजरत बीबी फातिमा जोहरा कमेटी द्वारा मुहर्रम पर जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल, सेक्टर-6, भिलाई में तकरीर का प्रोग्राम आयोजित किया गया है। 6 जुलाई तक यहां दोपहर में जोहर की नमाज के बाद तकरीर हो रही है। जिला बस्ती उत्तर प्रदेश मूल की फरीद नगर भिलाई निवासी आलिमा फाजिला कारिया नौरीन फातिमा ने पैगम्बर हजरत मुहम्मद की सीरत पाक पर बयान किया। उन्होंने हजरत उमर फारूक के ईमान लाने से पहले और ईमान लाने के बाद आशिके रसूल होने का जज्बा और अमीरुल मोमिनीन होने तक का बयान किया। इस दौरान नात पाक भी पेश की गई। ईदगाह हाऊसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र में अल्लामा हाफिज ताज़िम अहमद की तकरीर हो रही है। मदरसा दारुल राहत आलिमा सेक्टर-6, भिलाई की तरफ से सीरते जहरा कॉन्फ्रेंस जिक्रे शोहदाए कर्बला दस रोजा तकरीरी प्रोग्राम फरीद नगर में चल रहा है। बिहार की आलीमा फाजिला चांदनी जहरा ने शोहदाए कर्बला के वाकयात बयान किए। राजनांदगांव की आलिमा फाजिला रुखसार फातिमा ने तकरीर में नमाज की अहमियत बयान की।

UNION PUBLIC SERVICE COMMISSION
PROGRAMME OF EXAMINATIONS/RECRUITMENT TESTS (RTs) -2026

Sl. No.	Name of Examination	Date of Notification	Last Date for receipt of Applications	Date of commencement of Exam	Duration of Exam
1.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**10.01.2026 (Saturday)**	**2 Days**
2.	**Reserved for UPSC Examination**			**17.01.2026 (Saturday)**	**2 Days**
3.	Combined Geo-Scientist (Preliminary) Examination, 2026	03.09.2025	23.09.2025	08.02.2026 (Sunday)	1 DAY
4.	Engineering Services (Preliminary) Examination, 2026	17.09.2025	07.10.2025	08.02.2026 (Sunday)	1 DAY
5.	CBI (DSP) LDCE	24.12.2025	13.01.2026	28.02.2026 (Saturday)	2 DAY
6.	CISF AC(EXE) LDCE-2026	03.12.2025	23.12.2025	08.03.2026 (Sunday)	1 DAY
7.	N.D.A. & N.A. Examination (I), 2026	10.12.2025	30.12.2025	12.04.2026 (Sunday)	1 DAY
8.	C.D.S. Examination (I), 2026				
9.	Civil Services (Preliminary) Examination, 2026	14.01.2026	03.02.2026	24.05.2026 (Sunday)	1 DAY
10.	Indian Forest Service (Preliminary) Examination, 2026 through CS(P) Examination 2026				
11.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**06.06.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
12.	I.E.S./I.S.S. Examination, 2026	11.02.2026	03.03.2026	19.06.2026 (Friday)	3 DAYS
13.	Combined Geo-Scientist (Main) Examination, 2026			20.06.2026 (Saturday)	2 DAYS
14.	Engineering Services (Main) Examination, 2026			21.06.2026 (Sunday)	1 DAY
15.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**04.07.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
16.	Central Armed Police Forces (ACs) Examination, 2026	18.02.2026	10.03.2026	19.07.2026 (Sunday)	1 DAY
17.	Combined Medical Services Examination, 2026	11.03.2026	31.03.2026	02.08.2026 (Sunday)	1 DAY
18.	**Reserved for UPSC Examination**			**08.08.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
19.	Civil Services (Main) Examination, 2026			21.08.2026 (Friday)	5 DAYS
20.	N.D.A. & N.A. Examination (II), 2026	20.05.2026	09.06.2026	13.09.2026 (Sunday)	1 DAY
21.	C.D.S. Examination (II), 2026				
22.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**26.09.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
23.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**10.10.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
24.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**31.10.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**
25.	Indian Forest Service (Main) Examination, 2026			22.11.2026 (Sunday)	7 DAYS
26.	S.O./Steno (GD-B/GD-I) LDCE	16.09.2026	06.10.2026	12.12.2026 (Saturday)	2 DAYS
27.	**Reserved for UPSC RT/ Examination**			**19.12.2026 (Saturday)**	**2 DAYS**

Note: The dates of notification, commencement and duration of Examinations/ RTs are liable to alteration, if the circumstances so warrant.

CBC-55101/14/0002/2526

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया मंत्रालय के पंचम तल में नवीन सभागार का लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन के सेक्रेटरी ब्लॉक के पंचम तल पर निर्मित नवीन सभागार का लोकार्पण किया। 13.90 करोड़ रुपये की कुल लागत से निर्मित यह भव्य सभागार सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। 6450 वर्गफुट क्षेत्र में बने इस कॉन्फ्रेंस हॉल की बैठक क्षमता 185 सीटों की है। सभागार आंतरिक विद्युतीकरण, अग्निशमन व्यवस्था, वातानुकूलन, ऑडियो-विजुअल प्रणाली, आंतरिक साज-सज्जा तथा फर्नीचर सहित सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री मती लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश बंसल, पी. दयानंद, डॉ. बसवराजू एस., राहुल भगत, सचिव रजत कुमार, अंकित आनंद, अविनाश चम्पावत तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

भूमिहार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट, शिक्षा पर हुई सारगर्भित चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। ब्रह्मऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज रायपुर के मीडिया प्रभारी डी.के. शर्मा के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक (शिक्षा) राकेश पाण्डेय से उनके कार्यालय में पुष्पगुच्छ देकर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर शिक्षा की वर्तमान स्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा नवाचारों को लेकर विस्तृत और सारगर्भित चर्चा हुई। विशेष रूप से चर्चा का केंद्रबिंदु सरकारी विद्यालयों की दशा और दिशा रही, जहाँ समाज के विशेष वर्ग के अनेक छात्र अध्ययनरत हैं।संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट दृष्टि, कार्यशैली एवं सहज नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी कि शिक्षा की नई कार्यप्रणाली पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है, और शिक्षक स्थानांतरण सहित अतिशेष शिक्षकों की समस्या को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से क्रियान्वित किया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल ने पाण्डेय के कार्यों की सराहना करते हुए आशा जताई कि उनके नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। यह मुलाकात न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि भविष्य की शैक्षणिक दिशा के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत भी बनी। उपस्थित सदस्य सुमन राज शर्मा,जय भगवान शर्मा, शेषनाथ तिवारी, कृष्ण मोहन चौबे, अनिल सिंह, अमित सिंह, विकास राय, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में–सॉल्टी नर्ड : नए दौर के लिए बोल्ड नया अंदाज़

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़, जून 2025 - ब्लिसवॉटर उद्योग ने साल्टी नर्ड को छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया है। यह खासकर उन लोगों के लिए बनाई गई है जो अपनी ड्रिंक में कुछ नया ट्राय करना पसंद करते हैं ङ्क कुछ ऐसा जो स्मूद हो, लेकिन अपने अंदाज़ में थोड़ा बोल्ड भी। साल्टी नर्ड एक मॉडर्न सोच के साथ तैयार की गई है जो पुराने तरीके को एक नया ट्विस्ट देती है। इसमें चारकोल फ़िल्टर्ड टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे हर सिप में साफ़ और स्मूद टेस्ट मिलता है। यक्ष और रहस्य जैसी ड्रिंक्स बनाने वाले ब्लिसवॉटर की यह नई पेशकश सिर्फ एक ब्रांड नहीं है, बल्कि एक नया अनुभव है। चुनिंदा अनाज से बनी ये इतनी स्मूद है कि आप इसे सीधे, बर्फ के साथ या अपने स्टाइल में पी सकते हैं ङ्क बिना किसी मिक्सर के भी।

ब्लिसवॉटर की फाउंडर वरना भट्ट बताती हैं, सॉल्टी नर्ड ÷एक सरल विचार से शुरू हुई ङ्क थोड़ा मजेदार और आसान बनाना। ये थोड़ी अलग है, थोड़ी मस्ती भरी और आज के लोगों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाई गई है। सबसे खास बात ङ्क ये इतनी स्मूद है कि इसे सीधे सिप करना भी मज़ेदार लगता है।÷ साल्टी नर्ड तीन अलग-अलग फ्लेवर्स में उपलब्ध है:

आदिवासी धुव समाज के सम्मेलन में अजय ने की शिरकत

मानसिक गुलामी से आजादी शिक्षा से ही मिलेगी: अजय

कुरूद/ नवप्रदेश। महापुरुषों के वचनों को हमें आज याद करने की जरूरत है ।हर युग में शिक्षा से ही क्रांति आई है, आज जिस तरह हमारा समाज मानसिक तौर पर गुलाम है इसकी आजादी के लिए शिक्षा की आवश्यकता है। महापुरुषों के विचारों से ही हमें प्रेरणा मिल सकती है। मानसिक गुलामी से आजादी हमें शिक्षा से ही मिल सकती है.

क्षेत्र के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर ने आगे कहा कि अक्सर मेरा आदिवासी समाज के बीच आना जाना होते रहता है। 25 साल पहले क्षेत्र की कुरुद क्षेत्र की यहां कॉलेज खुल गया। पर बहुत लोग तो शिक्षित हो गए ,कुरुद कालेज से पढ़कर मगरलोड ,सिलौटी, कुरूद , भखारा, में कॉलेज खुल गया ।इस वर्ष सिर्री कॉलेज खुलेगा ।लेकिन आजकल बीए,एमए की पढ़ाई की उतनी मानयता नहीं है। उन्होंने कहा कि जितने पांच कॉलेज मैंने आपको बताएं हैं ये सब तकनीकी ही है। आदिवासी समाज के बच्चे यदि वे काम के इच्छा रखते हैं, पढ़ने की इच्छा रखते हैं। तो 10 मिनट के रास्ते में कुरूद विधानसभा में सारी शिक्षा उपलब्ध है। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि आर एन ध्रुव ने कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है ।जिसे जो पियेगा वह दहाड़ेगा. इसीलिए हमें समय के साथ शिक्षा ग्रहण करने की जरूरत है ।तब हमारा समाज अन्य समाज के समानांतर खड़ा हो सकता है। आजादी से पहले आदिवासी समाज राजा थे। और अनेक गोंडवाना स्कूल चल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम लोग पढ़ाई लिखाई में पीछे हो गए हैं। आप लोग एक कौर कम खाइये लेकिन अपने बेटी बेटा को जरूर पढ़ाइये.एक बात और है कि हमारा समाज स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा गंभीर नहीं है ।ज्यादा मृत्यु दर आदिवासी समाज की है। इस कारण हमें शराब से दूरी बनानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी मुसीबत से केवल हमें संविधान ही बचा सकता है। इसीलिए धार्मिक आडंबरों का परित्याग करके तर्कशील बनना होगा। आदिवासी धुव्र समाज परिषद कुरूद के द्वारा ग्राम कुहकुहा में आयोजित समाज के वार्षिक सम्मेलन में बोल रहे थे. अतिथियों ने आदि देव बुढ़ा देव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की तत्पश्चात अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया.

कार्यक्रम को से नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल ,देवेंद्र दीवान अध्यक्ष कंवर पैकरा समाज भिलाई दुर्ग , नेहरू निषाद अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़, ललित ठाकुर अध्यक्ष गोड़ समाज तहसील कुरुद, सहित समाज के पदाधिकारीयों ने भी सभा को बारी,बारी से संबोधित किया। अतिथियों ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की त्याग और बलिदान की चर्चा की और लोगों को अपनी संवैधानिक अधिकार के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम की शुरुआत गोड़ समाज के परंपरा अनुसार गाजे,बाजे आदिवासी वेशभूषा में गोंडी नत्य के साथ ग्राम की गलियों में समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन फलेंद्र नेताम किया। इस अवसर पर संतोष सोरी,तेजराम छेदैया, राधेश्याम मांडवी, पोखराज नेताम, झागेश्वर ध्रुव घनश्याम कुंजाम ,दीपक सोरी, बोधन छैदैया, भरोसा पड़ोसी, जन्मेजय ध्रुव , गायत्री मांडवी, राजकुमारी छेदैया, किरण छेदैया, सुरेंद्र ध्रुव, झम्मन छेदैया, संतोषी छेदैया, मेंहतरीन बाई, ध्रुव, ममता छेदैया, जागेश्वर ध्रुव, सहित सैकड़ो महिला, पुरुष, बच्चे, समाज के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

25 हजार लूट के दो फरार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल दाखिल

लूट के मामले में मुख्य आरोपी को पूर्व में ही किया जा चुका हे गिरफ्तार

कुरूद /नवप्रदेश। । कुरूद थाना क्षेत्र में 25,000/- रुपये की लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो फरार आरोपियों को कुरूद पुलिस द्वारा सतत प्रयासों के फलस्वरूप गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के कुशल दिशानिर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुरूद के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कुरूद निरीक्षक राजेश जगत के नेतृत्व में की गई। रामेश्वर सतनामी, निवासी राखी, थाना कुरूद, ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दिनांक 16 जून 2025 को अपने पुत्र कोमेश दास के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा, कुरूद शाखा से ?25,000/- रुपये की नकद राशि निकालकर अपनी पैंट की जेब में रखकर पैदल सेलून की ओर जा रहा था। लगभग दोपहर 3:00 बजे के आसपास वह वृंदावन तालाब के पास, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में पेशाब करने रुका, तभी तीन युवक ङ्क यज्ञ उर्फजीवा दीवान, बंठा और धर्मेन्द्र -वहां पहुंचे और प्रार्थी को जबरन पकड़कर उसकी जेब से नकदी रकम लूट ली। विरोध करने पर आरोपियों ने पत्थर उठाकर मारपीट की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

प्रार्थी की सूचना पर थाना कुरूद में तत्काल अपराध क्रमांक 158/2025 धारा 309(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कुरूद थाना पुलिस द्वारा तत्काल अलग-अलग टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई। सतत सुरागरसी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर मुख्य आरोपी यज्ञ कुमार दीवान उर्फजीवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपराध में संलिप्तता स्वीकारते हुए बताया कि उसे लूट के बंटवारे में 8,000/- प्राप्त हुए थे। आरोपी की निशानदेही पर उक्त राशि गवाहों के समक्ष विधिवत रूप से जप्त की गई। आज दिनांक 17 जून 2025 को आरोपी यज्ञ कुमार दीवान उर्फजीवा को 24 घंटे के अंदर ही पूर्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है। जिसको न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया था ।

आज फरार दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

आरोपीगण का नाम-: (01) धर्मेंद्र साहू,उर्फ चुंमन साहू,पिता विजय साहू,उम्र 18 वर्ष 7 माह,साकिन सिरसा चौक पचरी पारा कुरूद, थाना कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)

(02) गौरव यादव उर्फ़ बनठा पिता त्रिभुवन यादव,उम्र 19 साल इंदिरा नगर कुरुद,थाना कुरूद,जिला धमतरी (छ.ग.)

जप्ती सामान*-: गौरव यादव से पुरानी मोटर सायकल होंडा लियो कीमती 30,000/- रूपये,एवं 1000/- रूपये नगद एवं धर्मेंद्र साहू से 700/- नगद जप्त किया गया। धमतरी पुलिस के प्रयास सतत जारी रखते हुए दोनों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द किया गया।

पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से अधीक्षण अभियंता सहित 9 कर्मियों की विदाई

प्रदेश में पारेषण तंत्र का तेजी से हुआ विस्तार - प्रबंध निदेशक शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी मुख्यालय में आज अधीक्षण अभियंता सहित 9 अधिकारियों-कर्मचारियों को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति व विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के समय हमारे यहां केवल 27 अतिउच्चदाब उपकेन्द्र थे जो आज बढ़कर 135 हो गये है। साथ ही पारेषण लाइनों की लंबाई 4 हजार सर्किट किलोमीटर से बढ़कर 14 हजार सर्किट किलोमीटर हो गई है। 25 वर्षों में राज्य के पारेषण नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। इसका श्रेय सभी अधिकारी-कर्मचारियों की लगन, मेहनत और निष्ठा को जाता है।उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों के अनुभव का विशेष लाभ उनके मातहत कर्मचारियों को मिलता है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों का विशेष योगदान पारेषण तंत्र को मजबूत करने में रहा है। विदाई समारोह में अधीक्षण अभियंता (टीएंडडी) प्रमोद कुमार कोमजवार रायपुर, सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) भरत सिंह ध्रुवे, रायपुर, अनुभाग अधिकारी मती निर्मला ध्रुव बिलासपुर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक राम भरोसे मन्नेवार रायगढ़, लाइन सहायक श्रेणी-एक गनपत राम धुरंधर रायपुर, कनिष्ठ पर्यवेक्षक विनोद कुमार भंगाले खेदामारा, संयंत्र सहायक श्रेणी-दो किशोर महतो कोरबा, लाइन सहायक श्रेणी-2 संपत लाल अहिरवार कोरबा (स्वैच्छिक) एवं मती कांता बाई राजवाड़े, भृत्य कोरबा को सेवानिवृत्ति उपरांत प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

इटावा की घटना से यादव समाज में आक्रोश

रायपुर/नवप्रदेश।विगत दिनों इटावा के बकेवर इलाके के दानदरपुर गांव में कथा वाचक एवं उनके सहायकों को उच्च जाति के लोगों द्वारा की गई मारपीट करने वालों पर कड़ी करवाई करने की मांग बाबत ज्ञापन लेकर आज छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ एवं अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के संयुक्त तत्वाधान में में निरंजन सिंह यादव, इंजीनियर एस डी यादव, जितेंद्र बहादुर, यादव, भुवनेशवर यादव, सुश्री शोभा यादव, कमल सिंह यादव, संजय यादव, रविंद्र सिंह यादव, उपेंद्र यादव, लीलाधर यादव, अनिल यादव, निरंजन नीरू, अशोक यादव, राहुल यादव, शशिकांत यादव, राजेश यादव एवं समाज के अन्य गणमान्य कृष्णसखाओं ने रायपुर जिला कलेक्टर गौरव सिंह से सौजन्य भेंट के दौरान अपनी आहत भावनाओं से अवगत कराया।जिलाधीश महोदय को सौंपे मेमोरेंडम में यदुवंशी संगठन ने मांग रखी कि हमारा संविधान जातिगत भेदभाव की अनुमति नहीं देता है, उसके बाद भी कथा के दरम्यान कुछ उच्च वर्ग के दबंगों द्वारा कथा व्यास से उनकी जाति पूछी गई। कथा वाचक के अपनी जाति यादव बताने पर कुछ वर्चस्ववादी और प्रभुत्ववादियों लोगों ने कथा व्यास से अभद्र व्यवहार करते हुए उनके बाल कटवाए, नाक रगड़वाई, पैर पढ़वाने के साथ मारपीट भी की तथा स्थल का शुद्धिकरण भी करवाया ।।

आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का 58वां दीक्षा महोत्सव

सच्चा साधु वही जो समानता व समता करता है धारण : आर्यिका माताजी

रायपुर/नवप्रदेश सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में आज आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का 58वां दीक्षा महोत्सव भव्यता के साथ मनाया गया। महोत्सव के दौरान आर्यिका अंतर्मति माता एवं आर्यिका अनुग्रहमति माता का 34वां दीक्षा दिवस भी मनाया गया। सुबह 7.30 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, टैगोर नगर से शोभायात्रा एवं विद्याधर जी की बिनौली निकली, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए पटवा भवन पहुंची। शोभायात्रा में दौरान बैनर, दिव्य घोष, संदेश वाहक, ध्वज दंड, मंगल कलश के साथ आचार्यश्री विद्यासागर जी की तस्वीर रखी गई थी, जिसके साथ जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही वाद्ययंत्र, पंच परमेष्ठी के प्रतीकस्वरूप पांच बड़े ध्वज, फाफाडीह महिला मंडल का ध्वज, शंकर नगर महिला मंडल का ध्वज, टैगोर नगर महिला मंडल का ध्वज, मालवीय रोड महिला मंडल का ध्वज, लाभांडी महिला मंडल का ध्वज, अशोका रत्न-कचना मंदिर महिला मंडल का ध्वज, डीडी नगर महिला मंडल का ध्वज और चूड़ी लाइन महिला मंडल का ध्वज चल रहा था। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के ब्रह्मचर्य अवस्था के बाल रूप (विद्याधर) के रूप में उनके शिष्य ब्रह्मचारी सुनील भैया जी एवं आचार्य श्री के ग्रस्थ अवस्था के माता-पिता मां श्रीमंती एवं पिता मल्लप्पा के रूप में श्रीमती सोनल-श्री मनीष जैन, रायपुर ने शोभायात्रा में बग्गी बैठकर शोभा यात्रा की शान बढ़ाई।शोभायात्रा के पश्चात आचार्य भगवान की पूजन की गई और विशेष रूप से समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी सेवाओं के लिए विभिन्न लोगों का सम्मान किया गया जिसमें श्री मोनू जैन गोधा, श्री रवि-संध्या जैन सेठी, श्री रानू जैन, श्री ललित जैन पटवा आदि शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने हेतु सकल दिगंबर जैन समाज ने अपना योगदान दिया जिसमें मुख्य रूप से नवीन जैन मोदी, प्रियांक जैन, सौरभ जैन, आनंद जैन एवं टैगोर नगर दिगंबर जैन समाज तथा श्री जैन युवा महासभा के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आयोजन को भव्य रूप दिया।आयोजन का सफल संचालन राजेश जैन रज्जन एवं प्रियांक जैन ने किया तथा विनोद जैन बड़जात्या के नेतृत्व में सकल दिगंबर जैन समाज ने माताजी ससंघ से रायपुर में चातुर्मास स्थापित करने हेतु निवेदन किया।

प्रदेश के कोने -कोने से मतदान करने पहुंचे मतदाता , लगभग 80 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग

सतनामी समाज के प्रदेश पदाधिकारियों के चुनाव में भारी उत्साह

एल.एल. कोशले बने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष,शान्ति पूर्ण ढंग से हुआ मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज (पंजीयन क्रमांक 3933/2012) के प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चुनाव 29 जून को राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी बंगाली भवन में शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुआ। मतदान सुबह 8 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चला, जिसमें समाज के आजीवन व सामान्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।प्रदेश के कोने- कोने से पहुँचे लगभग 80 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के.एल. रवि ने जानकारी दी कि निर्वाचन पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में सहायक निर्वाचन अधिकारी एस.आर. बांधे, ओ.पी. कोसरिया तथा कार्यालय सहायक कृष्णा कुमार कोशले ने भी अहम भूमिका निभाई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के एल रवि ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे।

एल.एल. कोशले (रायपुर) – चुनाव चिन्ह उगता सूरज,

दयानंद कोसले (बलौदा बाजार) – पतंग छाप एवं

विनोद भारती (रायपुर) – छाता छाप मैदान में थे। एल एल कोशले को 833 मत, दयानंद कोशले को 8 मत तथा विनोद भारती को 268 मत प्राप्त हुए। तीनों प्रत्याशियों में से एल.एल. कोशले ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर विजय हासिल की और उन्हें समाज का नवीन प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया।

उन्होंने बताया की तीन प्रदेश उपाध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन हुआ जिसमें चार उम्मीदवार मैदान में थे ।

सौजन्य भेंट एवं शिक्षा पर संवाद

रायपुर/नवप्रदेश। संयुक्त संचालक (शिक्षा) राकेश पाण्डेय जी से संयुक्त संचालक कार्यालय में सौजन्य भेंट का अवसर प्राप्त हुआ। इस दौरान शिक्षा की वर्तमान स्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा नवाचारों को लेकर विस्तृत और सारगर्भित चर्चा हुई।

राकेश पाण्डेय जी का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, सहज एवं विनम्र है। वे शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट दृष्टि एवं कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह निःसंदेह प्रेरणादायी है।उनसे हुई यह भेंट न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि भविष्य की शैक्षणिक दिशा को लेकर सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करती है।

खाद एवं औषधि प्रशासन विभाग ने किया शिविर का आयोजन

60 से अधिक व्यापारियों ने बनवाया फूड लाइसेंस

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सरायपाली में अग्रवाल धर्मशाला में सोमवार को खाद एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें किराना दुकानदारों, ढाबा संचालकों और ठेला व्यवसायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य खाद्य व्यवसायियों को फूड लाइसेंस के प्रति जागरूक करना और उन्हें त्वरित लाइसेंस सुविधा प्रदान करना था।

शिविर में विभागीय अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर तत्काल आवेदन प्रक्रिया पूरी की, जिससे व्यापारियों को काफी राहत मिली। दोपहर 4 बजे तक 60 से अधिक हितग्राहियों का निशुल्क रजिस्ट्रेशन हो चुका था, और लोग लगातार शिविर में पहुंच रहे थे। विशेष रूप से ठेला व्यवसायियों के लिए निशुल्क पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्थानीय व्यापारी संघ और ठेला संघ के सहयोग से आयोजित इस शिविर में खाद्य अधिकारी शंख नाथ भोई, नमूना सहायक कौशल साहू, व्यापारी प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल, लोक सेवा ऑपरेटर शमतीन अली, किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष नीरज अग्रवाल और आधार गाइड किशोर सतपथी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भोई ने बताया कि यह शासन की रूटीन प्रक्रिया का हिस्सा है, और भविष्य में भी आवश्यकता अनुसार ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। व्यापारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रशासन का आभार जताया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की मांग की।किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, व्यापारी प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल और ठेला संघ अध्यक्ष शैलेंद्र ठाकुर ने कार्यक्रम की सफलता के लिए खाद्य विभाग और शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह शिविर न केवल व्यापारियों के लिए सुविधाजनक रहा, बल्कि क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। 41

चंदेरी हत्याकांड के फरार आरोपी बलांगीर से गिरफ्तार

सिमगा/नवप्रदेश। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 जून 2024 को सूचना मिला कि ग्राम चंदेरी में हुई गंभीर रूप से मारपीट की घटना में घायल नंद कुमार पात्रे उम्र 31 वर्ष की मृत्यु हो गई है तथा गोवर्धन पात्रे गंभीर रूप से घायल है। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध कायम कर धारा 302, 307, 427, 294, 506, 323, 147, 149, 452, 458, 459, 460 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया था, किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी अभी भी फरार थे, जिनकी सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा था।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा प्रकरण में फरार आरोपियों का नए सिरे से पता तलाश प्रारंभ किया गया। जिसके तहत परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, आरोपी के रिश्तेदारों, जान पहचान वालों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपी के छिपने की हर संभावित ठिकाने पर लगातार एवं सतत् निगाह रखा जा रहा था। कि इसी बीच साइबर सेल के माध्यम से प्राप्त टेक्निकल रिपोर्ट में प्रकरण में फरार आरोपी सैयद असद उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 16 कबीर वार्ड मुंगेली थाना जिला मुंगेली के खड़ालपारा जिला बलांगीर उड़ीसा में होने का पता चला। जिस पर थाना सिमगा पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी को संबंधित स्थान से हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ पर उनके द्वारा प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों के साथ मिलकर ग्राम चंदेरी में गंभीर रूप से मारपीट करते हुए हत्या की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। जिसे आज सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

जिले में अब तक 114 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में एक जून से अब तक 114.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 160.8 मि.मी. धमतरी तहसील और सबसे कम 63.7 मि.मी. औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह नगरी तहसील में 139.5 मि.मी., नगरी तहसील में 129.1 मि.मी., बेलरगाव तहसील में 125 मि.मी., कुकरेल तहसील में 106 मि.मी. और कुरूद तहसील में 78.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में आज की औसत वर्षा 43.4 मि.मी. दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 64.5 मि.मी., कुरूद तहसील में 31.7 मि.मी., मगरलोड में 29.7 मि.मी., नगरी में 34.7 मि.मी., भखारा में 39.4 मि.मी., कुकरेल तहसील में 45 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 59 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

पुलिस ने चार जुआरियों पर की कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव पुलिस ने ग्राम भोरिंग में जुआ खेल रहे चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भोरिंग में जुआ खेल रहे वार्ड नंबर 15 भोरिंग निवासी मोहन लाल धीवर (50), वार्ड नंबर 14 निवासी तीजराम बंजारे (38), वार्ड नंबर 11 भोरिंग निवासी अमरूद मेहर (35), वार्ड नंबर 01 भोरिंग निवासी शैलेष नेहरू (45) को पकड़ा। जुआरियों के पास से 2340 रुपए बरामद किया गया। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।

केजव्हील ट्रैक्टर से सड़क को नुकसान से बचाने देशी जुगाड़ से बनाई ट्राली

■ किसान निलेश डडसेना ने एक सरल, किफायती और प्रभावी समाधान निकाला

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में मानसून के आगमन के साथ ही खेतों में कृषि कार्य जोर पकड़ता जा रहा है। बारिश से खेतों में पानी भरने के साथ ही खेत को तैयार करने का काम तेजी से हो रहा है, जिसमें डबल केजव्हील ट्रैक्टर का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इस बीच, सरायपाली के बोंदा गांव के एक प्रगतिशील किसान निलेश डडसेना ने अपनी सूझबूझ और देसी जुगाड़ से एक ऐसी ट्राली बनाई है, जो न केवल सड़कों को डबल केजव्हील ट्रैक्टर से होने वाले नुकसान से बचा रही है, बल्कि शासन के नियमों का पालन करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। इस अनोखे जुगाड़ ने निलेश को क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बना दिया है।

मानसून सक्रिय होते ही खेतों में पानी लगते ही खेतों की रोपाई,लईहारा बुआई के लिए डबल केजव्हील ट्रैक्टर का उपयोग आम बात है। यह ट्रैक्टर खेतों को समतल करने और मिट्टी को तैयार करने में अत्यंत उपयोगी होता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां बोरवेल्स के आसपास खेतों में पानी भरा होता है। हालांकि, डबल केजव्हील ट्रैक्टर का उपयोग पक्की सड़कों पर करने से सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिसके कारण शासन ने इस पर प्रतिबंध लगा रखा है। इस नियम का पालन करते हुए निलेश डडसेना ने एक सरल, किफायती और प्रभावी समाधान निकाला है, जो न केवल उनके लिए, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी वरदान साबित हो रहा है।

निलेश ने अपने डबल केजव्हील ट्रैक्टर को घर से खेत तक ले जाने के लिए एक विशेष ट्राली का निर्माण किया है। इस ट्राली को दो टायरों के साथ डिजाइन किया गया है, जिस पर ट्रैक्टर को आसानी से लोड किया जा सकता है। इस ट्राली की मदद से डबल केजव्हील ट्रैक्टर को सड़क पर बिना चलाए, एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा सकता है। इससे सड़कों को नुकसान होने का खतरा पूरी तरह समाप्त हो जाता है। साथ ही, यह ट्राली शासन के नियमों का पालन करने में भी मदद करती है, जिससे किसान बिना किसी कानूनी अड़चन के अपने कार्य को अंजाम दे सकते हैं। निलेश का यह देसी जुगाड़ न केवल किफायती है, बल्कि पर्यावरण और सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता को भी दर्शाता है। इस ट्राली को बनाने में स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया गया है, जिससे लागत कम रही है और इसे आसानी से अन्य किसान भी बनवा सकते हैं। निलेश के इस नवाचार की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह ट्रैक्टर को खेत तक ले जाने में सुविधाजनक होने के साथ-साथ समय और श्रम की भी बचत करता है।

निलेश का यह जुगाड़ चर्चा का विषय बना हुआ है। कई किसान अब इस तकनीक को अपनाने की योजना बना रहे हैं। क्षेत्र के एक अन्य किसान ने बताया, +निलेश का यह आविष्कार वाकई काबिल-ए-तारीफ है। पहले हमें डबल केजव्हील ट्रैक्टर को सड़क पर चलाने में डर लगता था, क्योंकि सड़क खराब होने के साथ-साथ शासन के नियमों का उल्लंघन भी होता था। लेकिन अब इस ट्राली के जरिए हम आसानी से ट्रैक्टर को खेत तक ले जा सकते हैं। कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों ने कहा, यह एक शानदार उदाहरण है कि कैसे स्थानीय स्तर पर नवाचार किसानों की समस्याओं का समाधान कर सकता है। निलेश का यह जुगाड़ न केवल सड़कों को सुरक्षित रखता है, बल्कि किसानों को शासन के नियमों का पालन करने में भी मदद करता है।

पद्मश्री स्व. सुरेन्द्र दुबे को सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी

कुरूद/नवप्रदेश। पद्मश्री स्व. सुरेन्द्र दुबे को कुरूद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर कुरूद नगर पंचायत की ओर से, वन्देमातरम परिवार की ओर से, कुरूद नगर-क्षेत्र के जनता की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

स्वर्गीय सुरेन्द्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते वन्देमातरम परिवार प्रमुख भानु चन्द्राकर ने कहा सुरेन्द्र दुबे जी हमारे संस्था के आजीवन सदस्य रहे उन्होंने कुरूद में लगातार 20 वर्षो तक हमारे संस्था के माध्यम से अपने नये नये कविताओं के माध्यम से नगर, क्षेत्र एवं जिलावासियों को हँसाते रहे, वो हमारे प्रदेश के गौरव थे और हमारे संस्था के ब्रांड एम्बेसडर थे, उन्होंने वादा किये थे यहां के कवि सम्मेलन का रजत जयंती वर्ष बहुत धूम धाम से मनायेंगे लेकिन कका ने वादा तोड़ दिये, कका ज़िंदा है का स्लोगन भी हमसे छिन लिये, कका हम सबको रूलाकर चले गये, अब किसके सहारे हमारे नगर-क्षेत्रवासी हंसेंगे ये सबसे बड़े चिंतनीय है, श्रद्धांजलि देना तो हमारे सनातन धर्म का संस्कार है किंतु बहुत दुःखी मन से हम लोग श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे है, अपूरणीय क्षति है इसका भरपाई करना असंभव जैसे है। हमारे संस्था के संरक्षक कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने रायपुर स्थित सुरेन्द्र दुबे जी के निवास में परिजनों से मिलकर कुरूद क्षेत्र की ओर से श्रद्धांजलि दिये, उन्होंने कहा हम क्षेत्रवासी सुरेन्द्र दुबे क़र्ज़ नहीं उतार पायेंगे, उनका हमारे क्षेत्र के लगाव अद्भुत था, हर परिस्थितियों में कुरूद के लोगों के लिए आयोजन में सम्मिलित हुए ऐसे महान विभूति को नमन करते है!

कलाकृतियों के लिए शिक्षक हेमलाल चक्रधारी सम्मानित

महासमुंद/नवप्रदेश। बेलसोंडा के मिट्टी से नवाचार करने वाले सेजेस नयापारा के शिक्षक हेमलाल चक्रधारी को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया है। मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया। इन्होंने मिट्टी से अनेक कलाकृतियों का निर्माण कर शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार किया है। उनका कहना है कि बच्चों में नवाचार व सृजन करने की क्षमता बहुत होती है, लेकिन सही मार्गदर्शन न मिलने के कारण बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते। शिक्षक ही वह नींव है जो बच्चों को मार्गदर्शन कर उनकी छिपी प्रतिभा को उजागर करता है। इससे बच्चों में सृजन कौशल का विकास होता है व बच्चे आत्मनिर्भर व सक्षम बनते हैं। मैंने अपने पारंपरिक कार्य मिट्टी को ही शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार से जोड़ा। बच्चों में कौशल विकास को बढ़ाने और करके सीखने की सोच को लेकर मिट्टी से जो कि शून्य निवेश भी है। इससे अनेक टीएलम में सहायक शिक्षक सामग्री का निर्माण कर बच्चों के समक्ष प्रेषित किया। बच्चों में मिट्टी को लेकर आकषर्कता हमेशा बनी रहती है।

अवैध रेत परिवहन करते 26 हाईवा पकड़ाए

बिना पिटपास के परिवहन करने पर की गई जब्ती

बरसते पानी में खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर धमतरी जिले में अवैध खनिज परिवहन, भण्डारण और उत्खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग सहित राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई में आज अल सुबह बरसते पानी में बिना पिटपास के रेत का अवैध परिवहन और ओवरलोड करते कुल 26 हाइवा वाहनों पर जब्ती की कार्रवाई की गई। इनमें 18 हाइवा बिना पिटपास के और 8 हाईवा ओवरलोड के शामिल हैं। वाहनों को जप्त किया गया। यह हाईवा धमतरी जिले के भोयना, मथुराडीह एवं जंवरगांव मार्ग से जब्त किए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि इस कार्रवाई में तहसीलदार अखिलेश देशलहरे, नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार डहरे, पटवारी विनोद पटेल, सहायक उप निरीक्षक रमेश साहू एवं 14 अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

शिक्षिकाओं ने उदीम से कराया शिक्षा अधिकारियों को परिचित

■ भेंट किया गया पुस्तक उदीम की प्रतियां

सिमगा/नवप्रदेश। विकासखंड सिमगा की सक्रिय और नवाचारी शिक्षिका भारती वर्मा ने नवाचार के अगले क्रम में एक और नवाचार किया है जो न सिर्फ अंचल के बल्कि प्रदेश के सभी शिक्षकों के बीच चर्चा का विषय है 7 शिक्षिका के द्वारा छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिलों के 36 नवाचारी शिक्षकों के साथ मिलकर अपने संपादन में शैक्षिक गतिविधि आधारित पुस्तक उदीम सीखने सिखाने का एक प्रयास का प्रकाशन कराया है जिसमें कुल 140 शैक्षिक गतिविधियों का संकलन है 7 पुस्तक में उड़ीसा के सीमावर्ती बागबाहरा ,जशपुर , महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिला राजनांदगांव , झारखंड के सीमावर्ती जशपुर जिला , सुदूर वनांचल बस्तर के शिक्षकों के साथ साथ राजधानी रायपुर के शहरी क्षेत्रों के शिक्षक सम्मिलित हैं। इस पुस्तक में शिक्षिका भारती वर्मा के साथ साथ विकासखंड से नीलम वर्मा , ऋतु वर्मा , शकुन्तला साहू , निहारिका तिवारी व ऋताबाला गुप्ता भी लेखक के रूप में सम्मिलित हैं। सभी शिक्षिकाओं ने द्वारा अपने लिखित पुस्तक की प्रति विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढाल सिंह ठाकुर, एबीईओ द्वय राकेश सिंग व सी आर ध्रुव को भेंट की। इस अवसर पर पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। अधिकारियों के द्वारा भारती वर्मा व शिक्षिकाओं को इस नवाचारी उपलब्धी पर बधाई दिया गया। संपादिका भारती वर्मा ने बताया कि पुस्तक में समाहित गतिविधियाँ बहुविध शैक्षिक कौशलों से सम्बंधित हैं जैसे कि अक्षर ज्ञान की आरंभिक समझ, गणितीय अवधारणाओं का निर्माण, भाषायी अभिव्यक्ति का विकास, चित्रकला और शिल्पकला में रचनात्मक हस्तक्षेप, मिट्टी, बांस व कागज़ से सृजनशील निर्माण कार्य, विज्ञान के सरल प्रयोग तथा व्यावसायिक शिक्षा के संदर्भ में स्थानीय ज्ञान और कौशल का समावेश । यह संग्रह केवल शिक्षण के औपचारिक ढाँचे को पुनर्परिभाषित नहीं करता, बल्कि अधिगम को बच्चों के अनुभव–जगत से जोड़ते हुए उसे करते हुए सीखने की प्रक्रिया का बल देता है। बच्चें स्वभावत: जिज्ञासु, क्रियाशील और संवेदनशील होते हैं। जब शिक्षण में गतिविधि, अनुभव और संवाद का समावेश होता है, तब बच्चें न केवल सीखते है, बल्कि सीखने की प्रक्रिया में आनंदित होते है। उदीम की प्रत्येक गतिविधि इस मनोवैज्ञानिक मूल तत्व को आत्मसात करती है। यह पुस्तक एक स्थिर पाठ्यचर्या की अपेक्षा जीवंत और गतिशील अधिगम अनुक्रम की संकल्पना प्रस्तुत करती है।

जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी

महासमुंद/नवप्रदेश। बेमचा स्थित जिला जेल का अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी ने सोमवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया, कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद बोरकर, एस.डी.ओ.पी. अजयशंकर त्रिपाठी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अम्बीन बानो, सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कमेटी ने समस्त बैरकों में जाकर बंदियों की समस्या संबंधी जानकारी ली। कमेटी ने प्रमुख रूप से बंदियों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था, परिरूद्ध बंदियों के पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कराए जाने के लिए प्राथमिकता, जेल विस्तारीकरण के लिए वर्तमान जेल के पीछे जेल विभाग को आवंटित जमीन का सीमांकन, आधुनिक वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम, आधुनिक मुलाकात कक्ष, सरायपाली में 300 की क्षमता के उपजेल निर्माण के संबंध में भूमि हस्तांतरण व जेल निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

आदर्श शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

■ शिक्षा एवं संस्कार सफलता का मुख्य आधार : योगिता सिन्हा

■ शिक्षित एवं सभ्य समाज से बनेगा विकसित राष्ट्र: योगिता

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर के आदर्श शासकीय प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी योगिता सिन्हा, विशेष अतिथि पूर्व पार्षद मयाराम साहू , पार्षद लोमेश्वरी साहू, पालक समिति अध्यक्ष कृति बया, प्रधान पाठक गोपाल यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा कर की गई।

नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर शाला में स्वागत किया गया। छात्रों का खीर से मुंह मीठा कराया गया। नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को स्कूल यूनिफॉर्म एवं पुस्तक का वितरण किया गया। स्कूल के छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुति दी गई। समाजसेवी योगिता सिन्हा द्वारा शाला के सभी छात्रों को पेन, पेंसिल, शॉपनर एवं रबर का वितरण किया गया। एवं उत्कृष्ट छात्रों को स्कूल बैग प्रदान किया गया। नगर के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ नागरिक मया राम साहू ने छात्र छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि योगिता सिन्हा ने अपने उद्बोधन में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में छात्र मोबाइल की लत से दूर रहे। शिक्षा और संस्कार सफलता के दो मुख्य आधार है। शिक्षित एवं सभ्य समाज से विकसित राष्ट्र का निर्माण होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों एवं अतिथियों को पूड़ी सब्जी खीर भोजन परोसा गया। उक्त अवसर पर पालकगण एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

संगठन विस्तार ... बगदेही में हिन्दू जागरण मंच अपने संगठन विस्तार कार्य को गति प्रदान करने में निरंतर लगा हुआ

हिन्दू समाज की रक्षा हम सभी के लिए सर्वोपरि है : हिन्दू जागरण मंच

धमतरी/नवप्रदेश। हिन्दू जागरण मंच धमतरी अपने संगठन विस्तार कार्य को गति प्रदान करने में निरंतर लगा हुआ है जिसके माध्यम से सर्व हिन्दू समाज की रक्षा हो सके अपने संस्कृति और धर्म के प्रति हम सभी अडिग रहकर लोगों को संगठित और सक्रिय करना होगा ,इस अवसर मोहन लाल साहू राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रांत सह सेवा प्रमुख संघ पंच परिवर्तन पर युवाओं को संबोधित किए संगठन विस्तार में हिन्दू जागरण मंच धमतरी के जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद,जिला सहसंयोजक डकेश्वर साहू,चित्रेश साहू ,प्रतीक सोनी,युवा संपर्क सारांश ठाकुर,आदित्य साहू,कुरूद खंड सहसंयोजक सोमप्रकाश साहू,द्वारा अपने संघ का विस्तार करते हुए बगदेही में हिन्दू जागरण मंच का रहन क्रिया गया संघ के उद्देश्य ,कार्यप्रणाली,पर गहन चिंतन करना हम सभी की जिम्मेदारी है भारत मां की रक्षा,और हिन्दू समाज की सुरक्षा अपना धार्मिक एवं नैतिक कर्तव्य है हिन्दू जागरण मंच धमतरी जिले में चल रहे विभिन्न असमाजिक गतिविधियां जो हिन्दू समाज को तोड़ने ,संस्कृति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है उनको कदापि स्वीकार नहीं करेंगे समय के साथ उनका जवाब जरूर देंगी इनके लिए जवाबदेही लोग अपने कार्य को ईमानदारी से करें हिन्दू जागरण मंच प्रत्येक गतिविधियों का सूक्ष्म आंकलन कर रहा है और गांव गांव में कार्यकर्ता निर्माण कर रहा है युवा हिन्दू जागरण के कार्य से स्वयं जुड़ते जा रहे हैं और देश, व समाज हित में कार्य करने प्रेरित हो रहे है ग्रामीण क्षेत्र में समाज की रक्षा हेतु ग्राम बगदेही में हिन्दू जागरण मंच ग्राम संयोजक जितेश निर्मलकर , सहसंयोजक पुलकित तारक, निखिल कुमार साहू, सदस्य निरंजन साहू, तेजेश्वर कुमार, सूरजमणि साहू,सोनू कुमार, जितेंद्र कुमार,लुकेश्वर साहू, आगेश्वर साहू, फ्ले इंद्र साहू प्रदीप कुमार, भइया लाल, रूपधान ,हरेंद्र, तोमेश,जा,तेजेश्वर कुमार, हिमेश साहू निखिल कुमार, उदय निर्मलकर, दुमेश्वर, प्रीतम मंडावी, पुलकित तारक,मेघराज साहू, राहुल कुमार , पीतेश कुमार, कमाता साहू, कुणाल साहू, सुशांत दानी ,नोहर साहू,जितेश निर्मलकर,संतोष निर्मलकर, को जिम्मेदारी दी गई।

JULY
01
नवागढ़ क्षेत्र के लोकप्रिय
विधायक एवं छ. ग.
शासन के केबिनेट मंत्री
मान.श्री दयाल दास
बघेल जी को
जन्मदिन
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अजय साहू
भाजपा जिलाध्यक्ष बेमेतरा
विनित - समस्त भाजपा जिला - बेमेतरा

1 जुलाई
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
मा. दयालदास बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मोहित साहू

जीवेत शरदः शतम्
श्री दयालदास बघेल जी
1 जुलाई
को जन्मदिन पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनायें
सोम ठाकुर
शुभेच्छू : समस्त नगरवासी नगर पंचायत नवागढ

1 जुलाई
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं
उपभोक्ता संरक्षण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
मा. दयालदास बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
